हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, बुधवार 12 जून 2024






गर्मी की छुट्टियों का आनंद लें
आज की शाम
छत्तीसगढ़ी गायिका आरू साहू के नाम...
आज शाम 7.00 बजे
फन एण्ड फिश वर्ल्ड
हैण्डलूम और हैण्डीक्राफ्ट मेला
में आज म्यूजिक की बहार ...
रायपुर में पहली बार
दुबई फिश टनल और एक्वेरियम
छत्तीसगढ़ी गायिका
ओजस्वी (आरू) साहू
ORIGINAL DUBAI FISH TUNNEL
रोमांचक झूले और आकर्षक मछलियों की दुनियाँ में...
डूब जायें संगीत की लहरियों में ...
स्थान
गॉस मेमोरियल मैदान
आकाशवाणी, काली मंदिर के सामने, सिविल लाइन्स, रायपुर

हरिभूमि
रायपुर भूमि



# अगस्त तक लगातार चलेगा ट्रेन रद्द का सिलसिला, जोन में मेगा ब्लॉक और तीसरी व चौथी लाइन का होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

चुनाव खत्म होने के बाद देश के विभिन्न रेलवे जोन और मंडलों में पटरियों का काम एक बार फिर रफ्तार पकड़ने लगा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जून के लिए अभी तक 60 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर चुका है। हर दो दिनों में रेलवे ट्रेनों के रद्द होने की सूचना जारी कर रहा है। आलम यह है कि अब रेलवे रद्द ट्रेनों का परिचालन शुरू होने के साथ दूसरे रूट की ट्रेनों को रद्द कर रहा है। मंडल व जोन के अधिकारियों का कहना है कि चुनाव के कारण कई जगहों का काम रुका हुआ था। जोन व मंडल ने अब पटरियों में काम का प्रपोजल तैयार कर लिया है, जिसमें कई प्रपोजल पर मंजूरी भी मिल चुकी है। ऐसे में अब लगातार ट्रेन के रद्द होने ▶▶|शेष पेज 16 पर

- जोन में पटरियों में काम का प्रपोजल बनकर तैयार, ट्रेन रद्द कर रेलवे अब तेजी से करेगा काम
- ट्रेनों के रद्द होने से अब रेलवे स्टेशन में पसरा सन्नाटा



## रेलवे स्टेशन में गिनती के नजर आए यात्री

ट्रेनों के रद्द होने का असर रेलवे स्टेशन पर नजर आने लगा। हमेशा भीड़ रहने वाले इस स्टेशन के प्रत्येक प्लेटफार्म पर सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि रेलवे स्टेशन के लिए यह नजारा सामान्य हो गया, क्योंकि रेलवे ट्रेनों के परिचालन से ज्यादा रद्द कर रहा है। रेलवे का मानना है कि यह बेहद महत्वपूर्ण कार्य है और इसके पूरा होते ही ट्रेनों के परिचालन में सुधार आएगा, जिसका सीधा लाभ यात्रियों को मिलेगा। मंगलवार को रेलवे स्टेशन पर गिनती के यात्री नजर आए। ▶▶|शेष पेज 16 पर

## मंगलवार को फिर रद्द हुई 10 ट्रेन

01. 20 जून, 2024 को जबलपुर से छूटने वाली 22174 जबलपुर-चान्दा फोर्ट एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
02. 20 जून, 2024 को चान्दा फोर्ट से छूटने वाली 22173 चान्दा फोर्ट-गोंदिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
03. 19 एवं 20 जून, 2024 को गोंदिया से छूटने वाली 08802 गोंदिया-बल्हारशाह मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
04. 19 एवं 20 जून, 2024 को बल्हारशाह से छूटने वाली 08801 बल्हारशाह-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
05. 19 एवं 20 जून, 2024 को गोंदिया से छूटने वाली 07820 गोंदिया-बल्हारशाह मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
06. 19 एवं 20 जून, 2024 को बल्हारशाह से छूटने वाली 07819 बल्हारशाह-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
07. 18 एवं 19 जून, 2024 को गोंदिया से छूटने वाली 08804 गोंदिया-बल्हारशाह मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
08. 19 एवं 20 जून, 2024 को बल्हारशाह से छूटने वाली 08803 बल्हारशाह-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
09. 15 जून को 08291 बिलासपुर-येलहंका समर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
10. 17 जून 2024 को 08292 येलहंका-बिलासपुर समर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां

01. 19 जून को 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-नागपुर-गोंदिया होकर चलेगी।
02. 19 जून को 17008 दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-नागपुर-बल्हारशाह होकर चलेगी।
03. 19 जून 12251 यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-नागपुर-गोंदिया होकर चलेगी।

## खबर संक्षेप

### खारुन नदी में मिली लाश की शिनाख्त नहीं



**रायपुर।** खारुन नदी में 10 जून को मिली एक व्यक्ति की लाश की शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार खारुन नदी पुल के पिलर नंबर 4-5 के बीच केसरी बगीचा भाठागांव में एक अज्ञात पुरुष की लाश पानी में उफनती मिली थी। पुलिस ने गोताखोर की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के करीब है। सिर के बाल छोटे, हल्की दाड़ी-मूछ, दाहिनी आंख के नीचे काला मस्सा, दाएं गले में अंग्रेजी में गोदना से एम लिखा एवं दाएं भुजा में शिव का टैटू बना हुआ है। मृतक ने पीला रंग का शर्ट पहना हुआ है, जिसमें आईएनएस कनेक्शन लिखा हुआ है। काले रंग का फुल पैंट व हाथ की कलाई पर अंग्रेजी में कविता लिखा हुआ है।

### सूने मकान से 5 लाख की चोरी

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने सूने मकान में चोरी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 8 जून दोपहर 12 बजे से 10 जून की सुबह 10 बजे के मध्य की है। प्रार्थी बृजेश चौधरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वारदात के समय उसका पूरा परिवार अंबिकापुर गया हुआ था। लौटे तो घर का ताला टूटा पाया और आलमारी में रखी नकदी 27 सौ रुपये एवं लगभग पौने पांच लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात भी गायब थे। पुलिस ने इस मामले में धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम शेखर निर्मलकर 39 वर्ष गोगांव का रहने वाला है।



बताया गया कि आरोपी 11 जून को गोगांव बाजार चौक के पास चाकू लेकर घूम रहा था, जिसे मौके पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चाकू जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मोबाइल नहीं देने पर पीटा

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मारपीट के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी बलदाऊ निर्मलकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 जून की रात साढ़े 9 बजे गंगानगर भनपुरी के पास अर्जुन ध्रुव नामक व्यक्ति ने किसी से फोन पर बातचीत करने के लिए उससे उसका मोबाइल मांगा। बलदाऊ ने जब मोबाइल देने से इनकार कर दिया तो इस बात पर आरोपी ने शराब की शीशी से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले में धारा 294, 506बी, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

डीडीनगर इलाके में वारदात, पहले भी हो चुकी घटनाएं, पुलिस की पेट्रोलिंग फेल

# राजधानी की 'चैन' लूट रहे चेन लुटेरे, सरेआम फिर एक महिला के गले से चेन छीनकर युवक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में चाकूबाजी के बाद लुटेरों की आमदरफ्त ने बाशिंदों की नींद उड़ा दी है। शिव विहार कालोनी डीडीनगर में कल फिर एक महिला के गले से लुटेरा सरेआम चेन खींचकर भाग निकला। महिला चिल्लाती रही, वह भाग निकला। नकाबपोश युवक का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, लेकिन पुलिस अभी उसका पता नहीं लगा सकी है। यहां यह बताना लाजिमी है कि डीडीनगर में पहले भी चेन, मोबाइल लूट की वारदातें हो चुकी हैं। घनी आबादी और एजुकेशन हब की वजह से स्टूडेंट्स के बीच अपराधिक तत्वों ने भी यहां पनाह ले रखी है। गोलचौक के आसपास भारी भीड़ में बदमाश भी सक्रिय हैं। यहां पुलिस की पेट्रोलिंग फेल हो चुकी है।

खबर के मुताबिक, सोमवार रात पं. दीनदयाल उपाध्यायनगर थाना क्षेत्र के शिव विहार कालोनी एक महिला के गले से सरेराह नकाबपोश सोने की चेन छीनकर फरार हो गया। डीडीनगर पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि घटना रात करीब पौने 9 बजे की है। शिव विहार कालोनी निवासी महिला बाजार से घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान मुंह में स्कॉर्प लपेटा एक युवक जो वहां से पैदल जा रहा था, अचानक उनके पास आया और उनके गले से सोने की चेन छीनकर भाग गया। इस वारदात के दौरान महिला ने शोर मचाया, लेकिन उस समय आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिसके कारण नकाबपोश वहां से भागने में कामयाब हो गया। इस वारदात के दौरान नकाबपोश के हाथ में चैन का आधा टुकड़ा ही लगा है, दूसरा टुकड़ा बचाव के दौरान महिला के हाथ में ही फंसा रह गया। वारदात के बाद महिला ने इसकी जानकारी थाने में दी है, जिसे फिलहाल जांच में लिया गया है।



### इससे पहले भी शहर में हो चुकी है कई वारदातें

शहर में चैन स्नेचिंग की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी डीडी नगर थाना क्षेत्र सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में चेन स्नेचिंग से लेकर मोबाइल, नकदी की लूट जैसी वारदातें हो चुकी हैं। सेक्टर-2 में दो बदमाशों ने कुछ अरसे पहले सीनियर सिटीजन को चेन लूट का प्रयास करते हुए जख्मी कर दिया था। इसी इलाके में मोबाइल लूट भी हुई थी। पुलिस ने यहां भी सीसीटीवी फुटेज हासिल किया था, लेकिन आरोपी अब तक नहीं पकड़े गए हैं। कुछ हफ्ते पहले ही न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के पॉश कालोनी महावीर नगर में एक महिला चैन स्नेचिंग की वारदात की शिकार बन गई थी। यह महिला रात करीब 11 बजे खाना खाने के बाद वॉक करने निकली थी।

### वीडियो फुटेज वायरल पर एफआईआर दर्ज नहीं

महिला के साथ हुई चैन स्नेचिंग की पूरी घटना का फुटेज घटनास्थल पर एक मकान में लगा सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया है। यह वीडियो सोशल मीडिया में भी जारी हो गया है। इस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि कैसे नकाबपोश महिला के गले से चैन छीनकर भाग रहा है। इस वारदात के दौरान चैन स्नेचिंग की शिकार हुई महिला जोर-जोर से चोर-चोर भी चिल्ला रही है, लेकिन मौके पर कोई नहीं होने के कारण चोर फरार हो जाता है। इस वीडियो का फुटेज पुलिस के पास भी है। इसके बाद भी पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कर सूचना के आधार पर आरोपी को तलाश कर रही है।

### पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी की खुली पोल

शहर में एक ओर जहां सरेराह मोबाइल, चैन स्नेचिंग जैसी वारदातें सरेराह हो रही है, वहीं दूसरी ओर पुलिस यह दावा करते थकती नहीं है कि शहर से क्राइम कम हो गया है। क्राइम रोकने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में रात में पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी लगातार गश्त करती है, लेकिन जिस तरह से अब अपराधिक तत्व पॉश कालोनी इलाकों में लूट व चैन स्नेचिंग जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे है, उससे यही साबित होता है कि पेट्रोलिंग पार्टी मुख्य सड़कों के अलावा कालोनियों की सड़कों पर गश्त करना बंद या कम कर दिया है।

# बारिश का रोड़ा हटा मानसून के जल्द आगे बढ़ने की उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में बारिश की गतिविध पर अड़ंगा लगाने वाला मराठवाड़ा का चक्रवाती घेरा समाप्त होने से मानसून के जल्दी ही आगे बढ़ने की उम्मीद बनने लगी है। अरब सागर से आने वाली नमी के प्रभाव से एक-दो दिनों में बारिश की गतिविधि बढ़ने की संभावना है।

मंगलवार को शुष्क हवा के प्रभाव से शहर का तापमान 42.6 डिग्री तक पहुंच गया था, जिसकी वजह से गर्मी अधिक महसूस हो रही थी। दोपहर बाद अचानक हवा की रफ्तार बढ़ी और अंधड़ की स्थिति बन गई तथा कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई। आज राज्य का अधिकतम तापमान डोंगरगढ़ में 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को सुकमा तक पहुंचने के बाद मानसून थम गया और उसके एक-दो दिन में आगे बढ़ने की उम्मीद बन रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक अरब सागर से आने वाली नमी की मात्रा जितनी अधिक होगी, बारिश उतनी ज्यादा होगी और मानसून उतनी ही गति से आगे बढ़ेगा। पिछले चौबीस घंटे में कोरबा और कांसाबेल इलाके में ही बारिश दर्ज की गई है और शेष स्थानों पर सूखे जैसी स्थिति रही। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो और अधिकतम पारा तीन डिग्री अधिक दर्ज किया गया है।

- 42 .6 तक पहुंचा शहर का पारा, शाम अंधड़ जैसी स्थिति

### बिजली गिरने से मौत भी

मौसम बदलने की वजह से मंगलवार को मोहला-मानपुर और कवर्धा इलाके में बिजली गिरने से एक की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। मोहला के कोरलदंड रेंज की नर्सरी में दोपहर गिरी बिजली से आराम कर रहे मजदूर जख्मी हो गए। वहीं कवर्धा के रेंगाखार के तितरी गांव में पेड़ के नीचे खड़े लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए, जिससे एक युवक की मौत हो गई।

# नवा रायपुर में बनेगा 50 बेड का अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के आसपास गांवों में रहने वाले मरीजों को इलाज के लिए शहर के सरकारी अस्पताल का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। ग्राम राखी के आसपास सिविल अस्पताल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग उपयुक्त जमीन की तलाश कर रहा है। पचास बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल के निर्माण के लिए शीघ्र ही प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

जानकारी के अनुसार पूर्व सरकार द्वारा इस योजना को स्वीकृति दी गई थी। उस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राखी को सिविल अस्पताल में तब्दील किए जाने की तैयारी थी। पचास बेड की क्षमता वाले बड़े अस्पताल के लिए अधिक जगह की आवश्यकता को देखते हुए वहां लगभग दस एक की उपयुक्त जमीन की तलाश की जा रही है। सिविल अस्पताल में मरीजों को विभिन्न तरह की बीमारियों की जांच और ▶▶|शेष पेज 16 पर

- राखी के आसपास स्वास्थ्य विभाग को उपयुक्त जमीन की तलाश



### माना में सिविल अस्पताल

वर्तमान में रायपुर जिले में पंडरी में जिला अस्पताल, कालीबाड़ी में मातृ एवं शिशु चिकित्सालय का संचालन होता है। इसके अलावा माना में सिविल अस्पताल है, जहां सामुदायिक स्तर पर उपचार की सुविधा के साथ कोरोना काल के बाद नेत्र रोगियों के इलाज के लिए आई-हास्पिटल संचालित किया जाता है। यहां रोजाना बड़ी संख्या में मोतियाबिंद के मरीजों की सर्जरी की जाती है।

### स्थल चयन का प्रयास

सिविल अस्पताल बनने से वहां मरीजों को उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके लिए स्थल चयन का प्रयास किया जा रहा है। इसके बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

- **डॉ. मिथिलेश चौधरी**, सीएमएचओ

### अभनपुर-नवापारा सीएचसी 50 बेड

दूसरी ओर मरीजों की आवश्यकता को देखते हुए अभनपुर और नवापारा में संचालित होने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार किया जा चुका है। यहां पहले मरीजों के लिए तीस बेड की व्यवस्था थी, जिसे बढ़ाकर अब पचास-पचास बेड किया जा चुका है। इसके अलावा मंदिर हसौद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा बढ़ाकर उसे सीएचसी बनाया जा चुका है।

# संदीप, लक्ष्मीकांत निखित व शिवशंकर 20 जून तक रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोयला घोटाला केस में जेल में बंद संदीप नायक, लक्ष्मीकांत तिवारी, निखिल चंद्राकर और शिव शंकर नाग को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने चारों को ईओडब्ल्यू की अर्जी पर 9 दिन के लिए रिमांड पर दिया है। अब इन सभी को 20 जून को कोर्ट में पेश किया जाएगा। ईओडब्ल्यू के विशेष न्यायाधीश की अदालत में मंगलवार को चारों को प्रोटक्शन वारंट पर पेश किया गया। ईओडब्ल्यू ने इन चारों से पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने की अर्जी लगाई थी। ईओडब्ल्यू को कोयला घोटाले की जांच में कई इनपुट मिले हैं। इसकी बिना पर चारों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करना चाहती है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षकारों की वकीलों की दलीलें सुनने के बाद 20 जून तक चारों को ईओडब्ल्यू की रिमांड पर भेजने का आदेश सुनाया।



# बलौदाबाजार हिंसा के बाद रायपुर में अलर्ट, पढ़ाया तालमेल का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार जिले के कलेक्टोरेट व एसपी कार्यालय में प्रदर्शनकारियों की हिंसक घटना को देखते हुए जिला प्रशासन रायपुर भी अलर्ट हो गया है। कलेक्टर गौरव सिंह ने मंगलवार को कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए बैठक की। इसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के साथ प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देश दिए, साथ ही कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ तुरंत एक्शन लेकर कार्रवाई करने के लिए भी कहा गया। कलेक्टर ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। ▶▶|शेष पेज 16 पर

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कलेक्टर और एसपी ने ली बैठक



### रैली-प्रदर्शन पर रहेगी विशेष नजर

कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में बैठक लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि मैदानी स्तर पर पुलिस और प्रशासन के बीच समन्वय होना जरूरी है। चाहे तहसीलदार हो या थाना प्रभारी हो अपने-अपने क्षेत्र में जमीनी स्तर पर पहुंच बनाओ। साथ ही कड़ाई से अपराधियों पर नकेल कसी जाए। उन्होंने कहा किसी भी प्रकार की रैली या प्रदर्शन पर विशेष रूप से नजर रखी जाए। दिन और रात दोनों समय में पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी हर क्षेत्र में नजर आनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा, प्रशासन और पुलिस अमला संजीदगी से कार्य करे, हरेक घटना पर बारीकी से नजर रखे, घटना पर सावधानी पूर्वक और त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### लॉ एंड आर्डर के समय प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय होना जरूरी

एसएसपी संतोष सिंह ने बैठक में कहा कि प्रशासन और पुलिस को एकजुटता से कार्य करना होगा। जिले में अपराधियों पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई होनी चाहिए, विशेषकर क्राईसेस और लॉ एंड आर्डर के समय प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। अधिकारियों के व्यक्तिगत संबंध जनता से अच्छे होने चाहिए। इस तरह बेहतर समन्वय से ही लॉ एंड ऑर्डर स्थापित होगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सूचना तंत्र मजबूत रखने तथा मैदानी अमला रूटीन के काम में एक-दूसरे का सहयोग करने के भी निर्देश दिए।

आयुष्मान में गड़बड़ी 28 अस्पतालों को दिया गया था नोटिस

# अस्पतालों के स्पष्टीकरण के साथ मिले थोक में दस्तावेज, जांच में जुटी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में गड़बड़ी के आरोप में अस्पतालों द्वारा स्पष्टीकरण के साथ थोक में दस्तावेज स्टेट नोडल एजेंसी को भेजा गया है। इन दस्तावेजों में ज्यादातर ने आरोपों को गलत बताते हुए साक्ष्य के रूप में दस्तावेज प्रस्तुत किया है। एसएनए की टीम इन दस्तावेजों की जांच में जुटी हुई है।

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत मरीजों को निशुल्क उपचार की सुविधा देने वाले 28 अस्पतालों को अनियमितता के मामले में ▶▶|शेष पेज 16 पर

### दस्तावेजों की जांच

अपस्पतालों ने अपने जवाब के साथ दस्तावेज भी सौंपे हैं, जिनकी जांच की जा रही है। जांच के बाद वास्तविकता वरिष्ठ अधिकारियों की जानकारी में लाई जाएगी।

- **डॉ. खेमराज सोनवानी**, उपसंचालक आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# कृषिमंत्री ने कहा- खाद-बीज की आपूर्ति में लापरवाही न हो, सैंपलिंग और जांच रखें जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

खास खबर

कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने मंगलवार को मंत्रालय में कृषि एवं संबंधित विभागों के आला अधिकारियों की बैठक लेकर खरीफ 2024-25 की तैयारियों की समीक्षा की। मंत्री ने कहा, किसानों को उनकी डिमांड के अनुरूप खाद-बीज की आपूर्ति सुनिश्चित करना विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निरंतर अपने-अपने इलाकों का दौरा कर खाद-बीज के भण्डारण एवं उठाव पर निगरानी रखने के साथ ही इनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सैंपलिंग और जांच पड़ताल जारी रखने के निर्देश दिए।

### बीज निगम के पास डिमांड से ज्यादा खरीफ फसलों के बीज



#### उर्वरक परिवहन पर रखें निगरानी

मंत्री ने नैनो फर्टिलाईजर को बढ़ावा देने, सीमावर्ती जिलों में उर्वरक परिवहन पर निगरानी रखने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपेक्स बैंक के अधिकारियों से कहा, समितियों में भण्डारण क्षमता का आकलन कर लिया जाए। यदि भण्डारण के लिए अतिरिक्त गोदाम की आवश्यकता हो, तो इसका प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराया जाए।

चालू खरीफ वर्ष 2024 में सहकारी क्षेत्र में 5.44 लाख क्विंटल बीज मांग का आकलन गया है। वर्तमान में बीज निगम के पास कुल 6.31 लाख क्विंटल बीज उपलब्ध है, जो मांग का 116 प्रतिशत है।

10 जून की स्थिति में कुल 4.16 लाख क्विंटल बीज का भण्डारण विभिन्न सहकारी सोसाइटियों में किया गया है, जो मांग का लगभग 76 प्रतिशत है। कृषकों द्वारा अभी तक 2.41 लाख क्विंटल बीज का उठाव किया जा चुका है, जो विगत वर्ष इसी अवधि में हुए उठाव 1.64 लाख क्विंटल की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक है। सहकारी क्षेत्र में उर्वरक का वर्तमान भण्डारण 6.20 लाख टन है, जो मांग का 72 प्रतिशत है। कृषकों ने अब तक 3.29 लाख टन खाद का उठाव किया है, जो मांग का 38 प्रतिशत है।

## नगर निगम अमला ने की कार्रवाई

# 3 जगहों पर चल रही थी अवैध प्लाटिंग, कहीं मुरुम रोड तो कहीं हो रहा था मकान निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में अवैध प्लाटिंग के मामलों में लगातार नगर निगम रोक लगाने की कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को भी देवपुरी क्षेत्र में 3 जगहों पर अवैध प्लाटिंग कर करीब 7 एकड़ भूमि को टुकड़ों में बेचा जा रहा था। इस भूमि पर कहीं रोड काटकर मुरुम का काम कराया जा रहा था, तो कहीं डीपीसी कर मकान का निर्माण कार्य शुरू हो चुका था। निगम टीम ने इन तीनों जगहों पर कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई।

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिलेभर में अवैध प्लाटिंग कर जमीन पर मकान बनाकर बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रायपुर नगर निगम क्षेत्र में भी कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत निगम मुख्यालय के निवेश उड़नदस्ता एवं जोन-10 की निवेश विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से बाबू जगजीवनराम वार्ड क्रमांक 53 के देवपुरी व कृष्णापुरी में कुर्सी फैक्ट्री के पीछे अलग-अलग 3 स्थानों पर एक खसरा नंबर





की जमीन को टुकड़ों में बांटकर जहां मकान निर्माण कराने का काम चल रहा था, तीनों जगह पर प्लाट काटकर बनाई गई रोड और डीपीसी को जेबीसी से हटाने की कार्रवाई की। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल ने बताया कि टीम जब मौके पर पहुंची, तो वहां कोई नहीं मिला। इसके कारण इस जमीन के मालिक का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि तहसील कार्यालय से जमीन से संबंधित सीमांकन, बटांकन सहित अन्य दस्तावेज मांगे गए हैं, ताकि उनके मालिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए।

#### दस्तावेजों की कमी के कारण 83 प्रकरण में अब तक एफआईआर नहीं

विदित हो कि इससे पहले भी जोन-10 अंतर्गत सौ से ज्यादा अवैध प्लाटिंग के मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से 83 प्रकरणों में वर्ष 2023 में एफआईआर दर्ज कराने के लिए जोन कार्यालय से टिकरापारा और मुजगहन थाने में आवेदन भी दिए गए हैं, लेकिन अब तक इन मामलों में एफआईआर दर्ज नहीं हो पाई है। जोन क्षेत्र के पूर्व कमिश्नर दिनेश कोसरिया ने पूर्व में हरिभूमि से बातचीत में बताया था कि तहसील कार्यालय से सीमांकन व बटांकन के दस्तावेज नहीं मिल पाते। इसके कारण अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज नहीं हो पाती। दस्तावेज को लेकर जोन कार्यालय से कई बार तहसील कार्यालय को पत्र भी भेजा गया है।

# शहर में दौड़ेंगी 100 इलेक्ट्रिक सिटी बसें, पंडरी और आमानाका डिपो से होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की जनता को आवागमन के लिए जल्द ही 100 इलेक्ट्रिक सिटी बसों की सौगात मिलेगी। इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। इन बसों की चार्जिंग और मेंटनेंस के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शहर के दो जगह पंडरी और आमानाका सिटी ई-बस डिपो से होगा है। इसके लिए बस डिपो में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

**प्रधानमंत्री ई-बस योजना के तहत मिलेगी बसें**-शहर में चलने वाली 100 इलेक्ट्रिक बसों की सुविधा प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत रायपुर सिटी को मिलेगी। इन बसों के चलने से शहर के अंदर ट्रांसपोर्ट की सुविधा और भी आसान हो जाएगी। पंडरी और आमानाका डिपो से चलने वाली बसें शहर के अलग-अलग स्थानों के लिए रवाना होंगी, जिससे आम यात्रियों को शहर के उन सभी प्रमुख मार्गों पर बस की सुविधा मिलेगी, जिस मार्ग से अन्य यात्री गाड़ियां भी गुजरती हैं।

**एक एकड़ में आईएसबीटी का निर्माण** -इन बसों की पार्किंग के लिए आईएसबीटी तैयार किया



जा रहा है। इसका निर्माण एक एकड़ जमीन में होगा। जमीन फाइनल कर ली गई है। इस आईएसबीटी से दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों को भी शहर के भीतर किसी भी स्थान पर जाने के लिए आसानी से सिटी बसें मिल पाएंगी।

**कलेक्टर ने किया निरीक्षण**-कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने मंगलवार को बस डिपो और आईएसबीटी का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस नए बस डिपो को आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया जा रहा है, जिसमें बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके अलावा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वेटिंग एरिया और अन्य व्यवस्थाएं होंगी। निरीक्षण के दौरान रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सुंदरनगर में पानी की समस्या, अफसरों को हटाने के बाद पार्षद का धरना समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- ढाई सौ घरों में पानी नहीं, एरिया टीम नहीं कर पाई समाधान
- सुबह से धरने पर बैठे पार्षद दुबे, मनाने आयुक्त को आना पड़ा

पिछले तीन माह से सुंदरनगर के ढाई सौ से अधिक घरों में पानी की समस्या और एरिया टीम द्वारा इसका समाधान नहीं किए जाने से नाराज पार्षद मृत्युजंय दुबे ने धरना दे दिया। सुबह से धरने पर बैठे पार्षद को मनाने निगम आयुक्त को वहां आना पड़ा। पार्षद दुबे की नाराजगी के बाद सुंदर इलाके के निगम अफसरों की टीम को बदल दिया गया है।

आरोप है कि अमृत मिशन योजना के तहत जब से पाइप लाइन बिछाई गई है, तब से पानी दिक्कत लगातार बढ़ गई है। किसी के घर एक बाल्टी पानी आ रहा है, तो किसी के घर दो बाल्टी..। इस मामले में स्थानीय अधिकारियों को कई बार




सूचित किया गया, मगर उनकी ओर से किसी तरह का समाधान नहीं किया जा सका। हर बार केवल आश्वासन मिलने से नाराज वार्ड पार्षद मृत्युजंय दुबे मंगलवार की सुबह से धरने पर बैठ गए। उनकी मांग थी कि जब तक समस्या का समाधान नहीं किया जाएगा, वे धरने पर बैठे रहेंगे। अधिकारी उन्हें मनाने का प्रयास करते रहे मगर वे नहीं माने। रात लगभग निगम आयुक्त अभिनेष मिश्रा खुद वहां पहुंचे और पार्षद को मनाने का प्रयास किया। दुबे वहां के अधिकारियों की टीम का कार्यशैली से बेहद खफा थे। उनकी मांग पर निगम आयुक्त ने सुंदर नगर इलाके में काम देखने वाले अधिकारियों की टीम को बदल दिया है। साथ ही उन्हें आश्वासन दिया है कि समस्या का समाधान जल्द कर दिया जाएगा। आयुक्त के आश्वासन के बाद पार्षद का गुस्सा शांत हुआ और वे धरने से हटे। इस दौरान निगम आयुक्त ने पार्षद के साथ क्षेत्र के रहवासियों से उनकी समस्या के बारे में भी जानने का प्रयास किया।

# डॉग सेल्टर होम में आवारा कुत्तों की देखभाल भोजन के साथ इलाज की सुविधा, नसबंदी भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सोनडोंगरी में बनाया जा रहा डॉग सेल्टर होम

राजधानी रायपुर के सोनडोंगरी हीरापुर में आवारा कुत्तों के लिए डॉग शेल्टर होम का निर्माण कराया जा रहा है। नगर निगम और एनजीओ की संयुक्त भागीदारी से इस डॉग शेल्टर होम में आवारा कुत्तों की देखभाल से लेकर उनके भोजन, इलाज यहां तक कि नसबंदी करने की भी व्यवस्था की जा रही है। इससे शहर में एक ओर जहां आवारा कुत्तों की बढ़ती जनसंख्या से निजात मिलेगी, वहीं बीमारी, सड़क हादसे में घायल होने से आवारा कुत्तों की मौत के आकड़ों में भी कमी आएगी।

#### 65 सौ वर्गफीट में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा डॉग शेल्टर होम

सोनडोंगरी हीरापुर में पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड में खाली 65 सौ वर्गफीट क्षेत्रफल में डॉग शेल्टर होम का निर्माण किया जा रहा है। डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने जा रहे शेल्टर होम की शुरुआत में बाउंड्रीवॉल और शेड का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए 48 लाख 50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

#### पीपीपी मॉडल पर चलेगा डॉग शेल्टर

डॉग शेल्टर का संचालन पीपीपी मॉडल पर किया जाएगा। डॉग सेल्टर में सुविधाएं नगर निगम विकसित करेगा और कुत्तों की देखभाल, उनके लिए भोजन इत्यादि की व्यवस्था निजी स्वयंसेवी संगठन और डॉग लवर्स करेंगे। नगर निगम शेल्टर में वेटनरी अस्पताल जैसी सुविधाएं भी विकसित होंगी तथा वेटनरी डाक्टर्स यहां उपलब्ध रहेंगे।

#### शेल्टर में बीमार व आक्रामक आवारा कुत्तों को रखा जाएगा

डॉग शेल्टर होम में बीमार और आक्रामक आवारा कुत्तों को पकड़कर लाया जाएगा। यहां उनका इलाज किया जाएगा। नियमित रूप से यहां उनकी नसबंदी भी होगी। इससे शहर में आतंक मचाने वाले आवारा कुत्तों में कमी आएगी।

#### कुत्तों की जनसंख्या कम करने योजना बनाकर लागू करेंगे- कलेक्टर

कलेक्टर गौरव सिंह ने मंगलवार को डॉग शेल्टर का चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस अभियान में आम लोगों की सहभागिता और मदद बढ़ने के साथ-साथ कुत्तों की संख्या एवं सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। कुत्तों की जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए भी यहां योजना बनाएंगे और उसे लागू करेंगे। निरीक्षण के दौरान रायपुर निगम आयुक्त आबिनाश मिश्रा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस, किसी का नामांकन भी रद्द नहीं

# सराफा चुनाव में एकता और जय पैनल में मुकाबला तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के चुनाव में बिलासपुर-रायपुर के एकता पैनल और दुर्ग-रायपुर के जय सराफा पैनल के बीच सीधा मुकाबला तय हो गया है। नाम वापसी के अंतिम दिन मंगलवार को किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया है। इसी के साथ सभी प्रत्याशियों के नामांकन ही सही पाए जाने के कारण किसी का फार्म भी रद्द नहीं हुआ है। मुख्य चुनाव अधिकारी मगेलाल मालू के मुताबिक चुनाव के लिए अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो-दो प्रत्याशी मैदान पर हैं। दोनों पैनलों ने एक ही तरह के तीन-तीन चुनाव चिन्ह देकर एक-एक चुनाव चिन्ह देने की मांग भी मुख्य चुनाव अधिकारी के सामने रखी है।

दो साल विलंब से सराफा एसोसिएशन के चुनाव लंबे समय तक चले विवाद के बाद अब




जाकर हो रहे हैं। इतिहास में पहली बार चुनाव की पूरी प्रक्रिया हो रही है। पहली बार बैलेट पेपर से मतदान होगा। इसके पहले नामांकन की पूरी प्रक्रिया की गई है। नामांकन में सबसे पहले बिलासपुर के कमल सोनी ने अध्यक्ष पद का नामांकन भरा। इसके बाद बिलासपुर के एकता पैनल से ही रायपुर के प्रकाश गोलछा ने जहां महासचिव के लिए नामांकन भरा, वहीं बिलासपुर के हर्षवर्धन जैन ने कोषाध्यक्ष के लिए नामांकन किया। नामांकन के अंतिम दिन दुर्ग और रायपुर सराफा के पदाधिकारियों ने मिलकर जय सराफा पैनल बनाकर चुनाव लड़ने का फैसला किया। ऐसे में अध्यक्ष पद के लिए दुर्ग सराफा के प्रकाश सांखला, महासचिव पद के लिए रायपुर के उत्तम गोलछा और कोषाध्यक्ष पद के लिए रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश भंसाली ने नामांकन किया। नाम वापसी का मंगलवार को अंतिम दिन था। किसी ने नाम वापस नहीं लिया है। अब मैदान पर एकता और जय पैनल के तीन-तीन प्रत्याशी तीन पदों के लिए आमने-सामने हैं।

#### कल मिलेगा चुनाव चिन्ह

बिलासपुर एकता पैनल के कमल सोनी और प्रकाश गोलछा ने बताया, हमने चुनाव चिन्ह के लिए तीन चिन्ह दिए हैं। पहले नंबर पर कलश, दूसरे नंबर पर उगता सूरज और तीसरे नंबर पर दीपक है। इसी तरह से जय पैनल ने भी यही तीन चिन्ह दिए हैं। इनकी तरफ से पहले नंबर पर दीपक, दूसरे नंबर पर कलश और तीसरे नंबर पर उगता सूरज है। चुनाव चिन्ह का आबंटन गुरुवार को किया जाएगा। इसके बाद प्रत्याशियों को दस दिनों का समय चुनाव प्रचार के लिए मिलेगा। 23 जून को सुबह 10.30 बजे से शाम को 4.30 बजे तक रायपुर में मतदान होगा। इसके बाद इसी दिन मतगणना करके नतीजे घोषित किए जाएंगे।




## खबर संक्षेप

### शास्त्री चौक पर हजारों राहगीरों को पिलाया ठंडा शर्बत



**रायपुर।** सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस पूरे शहरभर में मनाया गया। शब्द कीर्तन से राजधानी रायपुर के गुरुद्वारे गूंज उठे। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद चखा। संगत ने छबील सेवा में योगदान दिया। इसी कड़ी में सिख समाज की अग्रणी संस्था दशमेश सेवा सोसाइटी द्वारा शहर के प्रमुख शास्त्री चौक में मंगलवार को सुबह 11 बजे गुरु की अरदास के बाद राहगीरों को ठंडे मीठे पानी का शर्बत पिलाया गया, जिसमें समाज के सभी लोगों ने सेवा दी। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष बॉबी होरा ने बताया कि इस कार्यक्रम में जसबीर सिंह भटिया, परविंदर सिंह भटिया, प्रीतपाल सिंह होरा, सतन्दिर सिंह, लवली अरोरा, जगजीत सिंह अरोरा, कुलदीप जुनेजा, हरमीत सिंह होरा, हरचरण सिंह साहनी सहित सैकड़ों सेवादारों ने सेवा दी।

### कुनबी समाज की महापंचायत 16 को



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 16 जून को कुनबी समाज का महापंचायत का आयोजन कियया जा रहा है, जिसकी तैयारी के लिए समाज के कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक छत्रपति शिवाजी महाराज भवन गोंदवारा में गत दिनों हुई। प्रदेश कुनबी समाज के सचिव अमित डोये ने बताया कि बैठक में वर्षभर होने वाले सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। इस महापंचायत में हर जिले के कार्यकारिणी को अपने जिले में समाज कार्य को संचालित करने के लिए सरल उपाय बताए जाएंगे। साथ ही उनके सुझाव भी लिए जाएंगे। पुरुस्कार वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। बैठक में रंजीत मुनेश्वर, निकेश तितरमारे, दानेश्वर रावत, हेमराज हत्तीमारे, दिलीप गेडेकर, सारिका गेडेकर, मनीषा बारसे आदि उपस्थित थे।

### ओपन माइक स्पर्धा में कियांश को मिला प्रथम पुरस्कार



**रायपुर।** वक्ता मंच छत्तीसगढ़ द्वारा 'स्वच्छ हवा, नीला आकाश पर्यावरण का मत करो विनाश' विषय पर विगत दिनों ओपन माईक स्पर्धा आयोजित गई थी। इस स्पर्धा में कियांश ओझा साल्वे ने पर्यावरण विषय पर एकल अभिनय प्रस्तुत कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके अलावा कविता, गीत, गजल, एक अभिनय सहित अनेक विधाओं में आयोजित इस स्पर्धा में शहर एवं बाहर के अनेक प्रतिस्पर्धी शामिल हुए थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं ख्यातनाम शायर केए सैफी, कृषि वैज्ञानिक घनश्याम साहू, शुभम साहू, राजेश आदि उपस्थित थे।

## निधन

### विजय कुमार दम्मानी



**रायपुर।** अशोका रतन निवासी माहेश्वरी समाज के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार दम्मानी का 11 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 जून को दोपहर 1 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अनिल, सुनील एवं ऋषि दम्मानी के पिता और हर्षित दम्मानी के दादा थे।

### नकछेड प्रसाद केशरवानी



**रायपुर।** सारंगढ़ के प्रतिष्ठित नागरिक, सराफा कारोबारी नकछेड प्रसाद केशरवानी का 11 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 जून को सारंगढ़ मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे देवेंद्र, महेंद्र, मोहन केशरवानी के पिता थे।

## खबर संक्षेप



### वेणुगोपाल से सुबोध की भेंट

**रायपुर।** सुबोध हरितवाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस महामंत्री की मंगलवार को एआईसीसी संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से नई दिल्ली स्थित निवास में मुलाकात हुई। राज्य की संगठनानात्मक चर्चा के साथ केरल के अलापुझा लोकसभा से सांसद चुने जाने पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

### अनियमित कर्मचारी महासंघ ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन को दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से तोखन साहू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाने पर छग संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी। इसी दौरान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा चुनाव के दरमियान मोदी की गारंटी में अनियमित कर्मचारी के लिए 100 दिन के भीतर कमेटी बनाने का विषय रखा गया था, जिसे 100 दिन के भीतर पूर्ण कर दिया गया। महासंघ के पदाधिकारी ने आगे निर्णय लिया कि लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी का समर्थन किया जाना चाहिए। इस के लिए महासंघ की ओर से लिखित में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के नाम से समर्थन पत्र भी जारी किया गया।

### म्यूकरमाइकोसिस के उपचार में मददगार साबित होगा एम्स का रिसर्च



**रायपुर।** दुनियाभर में म्यूकरमाइकोसिस के उपचार और अनुसंधान में एम्स में किया गया रिसर्च मददगार साबित होगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को म्यूकरमाइकोसिस (ब्लैक फंगस) के उपचार प्रबंधन पर 'अरोड़ा-नागरकर वर्गीकरण' का कॉपीराइट प्रदान किया गया है। यह वर्गीकरण ब्लैक फंगस के बेहतर उपचार और इसके परिणामों में दुनियाभर के ईएनटी विशेषज्ञों के लिए गाइड का कार्य करेगा। इससे रोगियों को ब्लैक फंगस के प्रथम चरण में ही और अधिक बेहतर चिकित्सा प्रबंधन प्राप्त होने की उम्मीद है। यह वर्गीकरण ईएनटी विभाग के प्रो. रिपुदमन अरोड़ा, पूर्व निदेशक प्रो. नितिन एम. नागरकर, डॉ. आकाश अग्रवाल, प्रो. रेनू राजगुरु, डॉ. नील प्रभा सहित अन्य चिकित्सकों के शोध पर आधारित है। प्रो. अरोड़ा ने बताया कि इसकी मदद से ईएनटी चिकित्सक ब्लैक फंगस के प्रकार, उपचार और संभावित परिणामों के बारे में पूर्वानुमान लगा सकेंगे। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में रोगियों के डेटा से कई अनुसंधान के बाद यह कॉपीराइट प्राप्त किया गया है।

# स्टेशनों में 'वोकल फॉर लोकल' का विजन हुआ ठप कारीगरों का नहीं बिक रहा सामान, स्टॉलों में ताला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय रेलवे बोर्ड ने वोकल फॉर लोकल' विजन को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत 27 स्टेशनों में लगभग 31 स्टाल लगाए हैं, ताकि स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को प्रोत्साहन मिल सके। स्टॉल में स्थानीय कपड़ों, हस्तशिल्प, मिट्टी से निर्मित वस्तुएं, हथकरघा, बांस के उत्पाद, वनोपज आदि को बढ़ावा देना था। रायपुर रेलवे स्टेशन में योजना से जुड़े स्टॉल में लंबे समय से ताला लगा हुआ है। रेलवे कारीगरों को स्टॉल देकर भूल चुका है, जबकि योजना के तहत नाममात्र शुल्क के साथ स्थानीय उत्पादों को हर एक महीने के लिए यह व्यवस्था उपलब्ध कराई जानी थी, इसके बाद दूसरे कलाकारों को मौका देना था, ताकि अधिक से अधिक कलाकारों और उत्पादों को मौका मिल सके, लेकिन स्टॉल में एक महीने के बाद भी दूसरे स्थानीय कारीगरों को मौका ही नहीं मिल पाया है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है लोग कारीगरों का सामान नहीं खरीद रहे, इसलिए स्टॉल बंद हो चुके हैं। योजना पूरी तरह से ठप होती जा रही है।

**वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत एक महीने के बाद दूसरे कारीगरों को उत्पाद बेचने देना था मौका**

### रुपए के अभाव में दब जाती है प्रतिभा

शिल्पकार और हथकरघा के उत्पाद काफी अच्छे होते हैं, लेकिन पैसे के अभाव में कई बार कारीगर अपने उत्पादों का विज्ञापन पर ज्यादा खर्च नहीं कर पाते। इस कारण उनके अच्छे उत्पाद स्थानीय लोगों की जानकारी में नहीं आते। ऐसे में रेलवे स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए योजना शुरू की थी, लेकिन इस योजना का लाभ स्थानीय कलाकारों को मिल नहीं रहा है। रेलवे को हर महीने दूसरे कारीगरों को उत्पाद के लिए मौका देना है, लेकिन स्टॉल लंबे समय से अधिक बंद होने के कारण कारीगरों का प्रोत्साहन भी रुक गया है।




### व्यवस्था में सुधार करेंगे

स्टेशन में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत स्टॉल में कारीगरों के सामान की बिक्री नहीं होने से बंद है। जल्द कारीगरों के साथ बैठक कर समझने का प्रयास करेंगे कि दिक्कत कहां आ रही है। व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास करेंगे।

*- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम*

### सामान की बिक्री नहीं होने से स्टॉल बंद

रायपुर रेलवे स्टेशन में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का स्टॉल बस्तर हस्तशिल्प को दिया गया था, लेकिन यह स्टॉल महीनेभर से बंद बताया जा रहा है। रेलवे के अधिकारी के मुताबिक यह स्टॉल एक महीने के लिए दिया गया था, लेकिन समय पूरा होने के बाद भी योजना के तहत इस स्टॉल में दूसरे कारीगरों को मौका नहीं मिला। रेलवे के अधिकारी को भी पता नहीं है कि स्टॉल लंबे समय से किस वजह से बंद है। जानकारी के मुताबिक सामान की बिक्री नहीं होने से कारीगर ने स्टॉल खोलना बंद कर दिया है। ऐसी ही हाल सरोना स्टेशन और मंदिर हसौद स्टेशन का भी है। यहां भी स्टॉल लंबे समय से बंद बताया जा रहा है। रेलवे कारीगरों को स्टॉल देकर भूल चुका है। इन स्टॉलों को चालू करने नई व्यवस्था भी नहीं बना रहा है।

# विधायक निधि से बने सामुदायिक भवन पर स्थानीय लोगों का कब्जा, सालभर से जमे हुए

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

किसी भी वार्ड की कालोनी या मोहल्ले में शासकीय खर्च पर सामुदायिक भवन का निर्माण इसलिए किया जाता है कि उस क्षेत्र के रहवासियों को शादी का रिसेप्शन, जन्मदिन या अन्य किसी भी तरह का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए दूसरे वार्ड में जाने की जरूरत नहीं पड़े। सामुदायिक भवन का किराया भी बहुत न्यूनतम रखा जाता है, जिससे गरीब परिवार पर भवन किराया का ज्यादा भार नहीं पड़ता। शहर में ऐसे सामुदायिक भवन लगभग हर वार्ड में भी बने हैं, जिसका लोग उपयोग भी करते हैं, लेकिन जोगी नगर में बनाए गए सामुदायिक भवन पर पिछले एक साल से कुछ स्थानीय रहवासियों ने न केवल कब्जा कर रखा है, बल्कि उसे अपना घर बनाकर रहने भी लगे हैं। इसके कारण इस भवन में सालभर से कोई कार्यक्रम भी आयोजित नहीं हो पाया है। कार्यक्रम के लिए भवन को मांगने वालों को कब्जा करने वाले भवन में मरम्मत कार्य का बहाना बनाकर लौटा देते हैं।

### विधायक निधी की राशि से बना है सामुदायिक भवन

कांग्रेस शासन के कार्यकाल में पूर्व विधायक कुलदीज जुनेजा ने विधायक निधि से सिविल लाइन वार्ड स्थित जोगी नगर में स्थानीय लोगों की मांग पर सामुदायिक भवन का निर्माण कराया था। लगभग 6 लाख रुपये की लागत से बने इस भवन का निर्माण होने के बाद इस भवन में कई कार्यक्रम भी आयोजित हो चुके हैं, लेकिन पिछले एक साल से इस भवन पर स्थानीय कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। इस भवन में कब्जा करने के साथ लोग रहने भी लगे हैं। इसके अलावा भवन के हाल में भवन निर्माण की सामग्री भी रखी हुई है। हरिभूमि ने यहां रहने वाले कुछ लोगों से भी बातचीत की। इस दौरान नाम नहीं बताने की शर्त पर उन लोगों ने बताया सामुदायिक भवन में सालभर से कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ है, क्योंकि भवन को मोहल्ले का एक परिवार अपना घर बनाकर रखा हुआ है।

### इसलिए कोई इवेंट भी नहीं



### सामुदायिक भवन पर नाम तक लिखा नहीं

जोगी नगर के गली में बने सामुदायिक भवन में किसी भी प्रकार का नाम नहीं है, जिससे यह पता चले कि यह सामुदायिक भवन है। हरिभूमि की टीम को भी सामुदायिक भवन तब मिला जब स्थानीय लोगों ने उस भवन की पहचान बताई। सामुदायिक भवन किस नाम से बना है, भवन की दीवार पर कोई नाम नहीं लिखे होने तथा यहां एक परिवार के रहने के कारण यह भवन सामुदायिक भवन की तरह नहीं, बल्कि किसी व्यक्ति का मकान की तरह दिखाई दे रहा है।

### विधायक ने कहा- मुझे जानकारी नहीं

इस भवन का निर्माण कराने वाले पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा कि उन्होंने स्थानीय लोगों की मांग को देखते हुए यहां सामुदायिक भवन का निर्माण कराया था, लेकिन भवन पर किसी ने कब्जा कर रखा है। इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कब्जा किया गया है, तो यह गलत है। इसकी नगर निगम में शिकायत करानी चाहिए। इस मामले में वार्ड की पार्षद नीलम जगत से भी मोबाइल पर संपर्क साधा गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

# स्कूल और छात्र आमने सामने, अब प्रबंधन पर डराने-धमकाने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

केपीएस स्कूल प्रबंधन और छात्रों के मध्य मामला अब थाने तक पहुंच गया है। स्कूल प्रबंधन ने जहां छात्रों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, तो वहीं छात्रों ने एसपी से मुलाकात करके शाला प्रबंधन पर डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा गैर जमानतीय धाराओं में दर्ज हुई एफआईआर के मामले में निष्पक्ष जांच के लिए एसपी संतोष कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इसके पहली केपीएस स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों के खिलाफ थाने में विभिन्न धाराओं को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। छात्रों द्वारा जिला शिक्षा कार्यालय में भी पूरे मामले को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया था।

- **बगैर मान्यता संचालित हो रहे केपीएस स्कूल में छात्रों ने किया था प्रदर्शन**

### फर्जी एफआईआर का आरोप

एनएसयूआई का कहना है कि गैर मान्यता स्कूल अभी भी स्कूल संचालन कर रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे स्कूल जो मान्यता नहीं है, उनके खिलाफ शिकायत करने पर भी एफआईआर नहीं की जा रही है। एनएसयूआई के पदाधिकारियों पर फर्जी एफआईआर कर डराने की कोशिश की जा रही है ताकि ऐसे गैर मान्यता स्कूल आसानी से अपना शिक्षा का व्यापार चला सकें। इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई ने की है। यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा समेत, कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी, एनएसयूआई संगठन महामंत्री हेमंत पाल, प्रदेश सचिव कुणाल दुबे सहित अन्य इस दौरान मौजूद रहे।

**यह है मामला :** केपीएस पर बगैर मान्यता कई ब्रांच संचालित करने का आरोप छात्रनेताओं द्वारा लगाया गया था। इसे लेकर छात्रनेताओं द्वारा इस वर्ष की शुरुआत से ही मोर्चा खोला गया है। आरोप-प्रत्यारोप के बाद जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जांच कमेटी भी बैठाई गई थी। छात्रों का कहना है कि निष्पक्ष जांच किए बगैर ही स्कूल प्रबंधन को नए सत्र में दाखिले की अनुमति दे दी गई है। छात्रों द्वारा इसके विरोध मे केपीएस स्कूल तथा जिला शिक्षा कार्यालय में प्रदर्शन किए गए।

# विजन डॉक्यूमेंट अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन के लिए मंत्रियों-विधायकों से वित्तमंत्री ने मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



छत्तीसगढ़ के वित एवं योजना मंत्री ओपी चौधरी ने विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047 के लिए जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से सुझाव मांगे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सभी मंत्रियों और विधायकों को पत्र लिखकर विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने सुझाव देने का आग्रह किया है। सुझाव 30 जून तक मंगाए गए हैं। सुझाव लिखित में या फिर वेब पोर्टल मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़ के जरिए दिए जा सकते हैं।

### एक नवंबर को जारी होगा विजन डॉक्यूमेंट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने साल 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की है। इस परिकल्पना को साकार करने छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र 2024 में घोषणा की गई थी कि राज्य स्थापना दिवस एक नवंबर 2024 को राज्य का विजन डॉक्यूमेंट 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047'जारी कर प्रदेश की जनता जनार्दन को समर्पित किया जाएगा। राज्य शासन ने विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने का जिम्मा राज्य नीति आयोग को सौंपा है। इस संबंध में आयोग द्वारा सभी विभागों, सेक्टर विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया जा रहा है।

### सुझाव देने के लिए वेब पोर्टल

योजना मंत्री चौधरी ने बताया कि जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से भी विकसित छत्तीसगढ़ की उनकी परिकल्पना साझा करने के लिये आयोग ने एक वेब पोर्टल 'मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़ तैयार किया गया है। इसके जरिए वे अपने सुझाव दे सकते हैं।

# केंद्रीय अध्ययन मंडल की बैठक पूर्ण आज जारी हो सकते हैं दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा दो दिनों से जारी केंद्रीय अध्ययन मंडल की बैठक मंगलवार को समाप्त हो गई। इसके बाद उम्मीद की जा रही है कि बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र के लिए दिशा-निर्देश महाविद्यालयों को प्राप्त हो जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लगने के पूर्व यह घोषणा की गई थी कि नवीन सत्र से प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी जाएगी। इसके बाद विभिन्न स्तर पर कमेटी बनाकर सिलेबस व ऑर्डिनेंस संबंधित जिम्मेदारियां कमेटियों में बांटी गईं। आचार संहिता हटने के बाद भी अब तक इस संदर्भ में विस्तृत दिशा-निर्देश संबंधित विभाग द्वारा प्रदान नहीं किए जा सके हैं।महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पोर्टल 18 जून को खुल जाएंगे। इसके पूर्व कोर्स संबंधित पूछताछ के लिए छात्रों के महाविद्यालय आने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। चूंकि महाविद्यालय प्रबंधन को ही इस विषय में सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है, ऐसे में छात्रों को वे भी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।

- **महाविद्यालयों में सत्र 2024-25 से लागू होगा चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम**

***सिलेबस सहित अन्य बदलावों पर चर्चा :*** रविवि अध्ययनशाला तथा संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित विषयों पर दो दिनों तक चर्चा हुई। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, प्रथम दिवस गणित, सांख्यिकी, भौतिक विज्ञान, रसायन शास्त्र, इतिहास सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। इसके बाद दूसरे दिन कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी, मानव शास्त्र, भूगर्भ शास्त्र, बीबीए, सैन्य विज्ञान पर चर्चा हुई। बैठक में इन सभी विषयों के पाठ्यक्रम निर्माण तथा संसोधन पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत होने वाले बदलावों के विषय में इस दौरान बताया गया।

## पेज 13 के शेष ...

### अगस्त तक लगातार...

से यात्रियों को परेशान होना पड़ेगा। बिलासपुर, नागपुर, कटनी के साथ झारसुगुड़ा और उत्तर व पश्चिम रेलवे में पटरियों का काम जुलाई और अगस्त में किया जाएगा। ज्यादातर जगहों पर तीसरी और चौथी लाइन के साथ मेगा ब्लॉक का कार्य किया जाएगा।

### रेलवे स्टेशन में...

यह नजारा प्लेटफार्म एक पर दिखा, जबकि इस स्टेशन में पूरे समय यात्रियों की मौजूदगी रहती है। दरअसल इस प्लेटफार्म पर रेलवे द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएं हैं। लगातार ट्रेनों को रद्द कर अलग- अलग सेक्शनों में लाइन, जोड़ने, आटो सिग्नलिंग, ट्रैक मरम्मत से लेकर कई महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करा रहा है। जुलाई और अगस्त में भी इन्हीं कार्यों के लिए ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

### बलौदाबाजार हिंसा के बाद...

**सरपंच, सचिव, कोटवारों व रोजगार सहायकों के मोबाइल नंबर को अपडेट रखेंः** जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि पंचायती क्षेत्रों के सरपंच, सचिव, कोटवार तथा रोजगार सहायकों के मोबाइल नंबरों की जानकारी अपने पास रखें तथा इसकी जानकारी राजस्व व पुलिस अधिकारियों को भी उपलब्ध कराएं, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनसे तत्काल संपर्क साधा जा सके। बैठक में अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर सहित पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### नवा रायपुर में बनेगा...

उपचार की सुविधा दी जाएगी। जमीन का चयन होने के बाद भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृति का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। अधिकारियों के अनुसार सिविल अस्पताल के लिए चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ का अलग से सेटअप स्वीकृत किया जाएगा। नवा रायपुर में रहवासी एरिया बढ़ने के बाद वहां भी सुविधायुक्त अस्पताल की आवश्यकता महसूस की जा रही है, जिसे देखते हुए पुरानी योजना पर काम पूरा किए जाने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में वहां के आसपास के गांव में रहने वाले मरीजों को इलाज के लिए आवश्यकता होने पर निजी अस्पताल अथवा पच्चीस किलोमीटर दूर जिला अस्पताल या आंबेडकर अस्पताल आना पड़ता है।

### अस्पतालों के स्पष्टीकरण के...

नोटिस जारी किया गया था। सूत्रों के मुताबिक ज्यादातर अस्पतालों ने लगाए गए आरोपों से इनकार करते हुए अपने स्पष्टीकरण के साथ सौ-सौ पेज के दस्तावेज स्टेट नोडल एजेंसी को प्रेषित किए हैं। इन दस्तावेजों में मरीजों से संबंधित विभिन्न टेस्ट की रिपोर्ट सहित अन्य कागजात हैं।

अधिकारियों का कहना है कि प्रस्तुत किए दस्तावेजों की जांच की जा रही है, इसके बाद दोष सिद्ध होने वाले अस्पतालों के खिलाफ उनकी अनियमितता के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। इसमें स्वास्थ्य सहायता योजना से निलंबन के साथ जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। स्टेट नोडल एजेंसी ने 28 अस्पतालों को नोटिस जारी करने के साथ उस दौरान दो अस्पतालों के खिलाफ शिकायत सही पाए जाने पर जुर्माना और निलंबन की कार्रवाई भी की थी। अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य योजना के तहत उपचार करने वाले पंजीकृत अस्पतालों में उपचार व्यवस्था पर कड़ी निगरानी की जा रही है। इसके लिए मरीजों से फीडबैक भी लिया जा रहा है।

# पीएनबी क्षेत्रीय कार्यालय में कानूनी विशेषज्ञों की बैठक का आयोजन




**रायपुर।** पंजाब नेशनल बैंक के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय में वकीलों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष चतुर्वेदी ने की। इस अवसर पर मंडल प्रमुख रायपुर वीरेन्द्र कुमार शर्मा ने सभा को संबोधित किया और संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (विधि) धर्मेंद्र दास ने किया।

कुल 451 वकील पीएनबी के लगभग 907 मामलों का निपटारा कर रहे हैं, जो सुप्रीम कोर्ट, उच्च न्यायालय, उपभोक्ता आयोग, डीआरटी, सिविल न्यायालय (झारखंड और छत्तीसगढ़) में लंबित हैं। आशीष चतुर्वेदी ने कानूनी टीम को हमारी ओर से किसी भी अवधि के लिए कोई स्थगन न लेते हुए लंबित मामलों को तुरंत प्राथमिकता देने की सलाह दी। उन्होंने वैकल्पिक विवाद समाधान पर भी ध्यान केंद्रित किया।

## बिजनेस साइट

# फन एंड फिश वर्ल्ड में आज की शाम लोक गायिका आरू साहू के नाम

**रायपुर।** फन एंड फिश वर्ल्ड में 14 वर्षीय लोक गायिका आरू साहू आज शाम 7 बजे लोगों को अपनी गायकी से मंत्रमुग्ध करेंगी। उपरोक्त जानकारी फन एंड फिश वर्ल्ड के संचालक शोएब ने दी।



उन्होंने बताया कि रोमांचक झूले और रंग बिरंगी मछलियों से सजे इस मेले में संगीत की लहरियां उठेंगी। ज्ञात हो कि इस आयोजन में दुबई फिश टनल पहली बार लाया गया है, जिसमे छोटी-बड़ी, रंग -बिरंगी विविध मछलियों से भरे टनल के अलावा कई एक्वेरियम भी हैं। जिसे देखने लोगों की भीड़ पहुंच रही है। एक्वेरियम में 40 प्रकार की हजारों मछलियां मौजूद है। इसके अलावा मेले में बच्चों और युवाओं को अट्रैक्ट करने के लिए नए झूले लगाए गए हैं। इनमे फ्रिस्बी, जाइंट फ्रिस्बी, रेंजर, ब्रेक डांस झूला, कोलंबस झूला, जाइंट व्हील, और ड्रैगन झूला समेत एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला, मिकी माउस आदि प्रमुख हैं।

# एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में हर्निया उपचार के लिए जागरूकता कार्यक्रम



**रायपुर।** एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने सफलतापूर्वक इंगुइनल हर्निया कौशल संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा पेशेवरों को नई तकनीकों की जानकारी देना और व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से उनकी क्षमता को सुधारना था। इसमें टीएपीपी, टीईपी, ओपन इंगुइनल हर्निया रिपेयर और ई-टीईपी हर्निया रिपेयर जैसी तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया गया। एमएमआई नारायण हॉस्पिटल के डॉ राजेश सिन्हा जैसे अनुभवी लेप्रोस्कोपिक जीआई सर्जन के मार्गदर्शन में हर्निया के इलाज एवं प्रक्रियाओं को और बेहतर बनाने के लिए सर्जनों और चिकित्सा पेशेवरों की सक्रिय भागीदारी रही। इस कार्यक्रम में डॉ सिन्हा की विशेषज्ञता और व्यापक ज्ञान ने सभी प्रतिभागियों को मूल्यवान शिक्षा प्रदान की। यह पहल समाज को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का उद्देश्य रखती है, जिससे सभी क्षेत्रों के लोगों को सही इलाज एवं सही देखभाल प्राप्त हो सके।



हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 12 जून 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

कॉपी-किताब व फीस ही नहीं स्कूल....

## सिटी इवेंट

# आम की पांच गुठलियां लाने पर मिलेगा आम का एक फल

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विवि, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़ शासन और प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कृषि महाविद्यलाय परिसर में 12 से 14 जून तक महोत्सव का आयोजन किया जाना हैं। जिसमें आम के 150 से अधिक प्रकार एवं आम से बने 56 व्यंजनों की प्रदर्शन लगाई जाएगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम फल की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम द्वारा किया जाएगा। अध्यक्षता कृषि विवि के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल करेंगे।

### आम के आम गुठलियों के दाम




### रात 9 बजे तक ले सकेंगे आनंद, ऐसा है शेड्यूल

**पहला दिन :** आयोजन के पहले दिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रविष्टियों का पंजीयन किया जाएगा। जिसके बाद प्रदर्शनी की शुरुआत शहरवासियों के लिए की जाएगी, जिसका संचालन रात 9 बजे तक किया जाएगा। प्रदर्शनी में विभिन्न किस्म के आम, आम के विभिन्न उत्पाद एवं आम के पौधे देखने को मिलेंगे। जिन्हें लोग खरीद भी सकते हैं।

**दूसरा दिन :** दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक तकनीकी मार्गदर्शन और परिचर्चा का आयोजन किया गया है। इस दौरान प्रदेश में उच्च गुणवत्ता के आमों के प्रकार, आम के विभिन्न उत्पाद एवं उनके विपणन की जानकारी दी जाएगी। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम उत्पादन की विभिन्न योजनाओं से लोगों को अवगत कराया जाएगा।

**तीसरा दिन :** अंतिम दिन 14 जून को प्रदर्शनी में मौजूद प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### व्यंजन प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं आम व्यक्ति

*राष्ट्रीय आम महोत्सव के दौरान आम की सजावट एवं आम से तैयार व्यंजनों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिमसें स्कूल, महाविद्यालय एवं शहरवासी निःशुल्क पंजीयन के माध्यम से हिस्सा ले सकते हैं। प्रत्येक प्रतिभागी प्रतियोगिता में न्यूनतम 10 आम प्रति किस्म के साथ भाग ले सकते हैं। तीन दिवसीय महोत्सव में आम की पांच गुठलियां लाने पर प्रति व्यक्ति को एक आम का फल दिया जाएगा।*

### देर रात तक लगाए गए स्टॉल

*पिछले वर्ष भी आम महोत्सव का आयोजन किया गया था। इसे कृषकों तथा आम नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था। इस बार भी लोगों का रूझान इसे लेकर बढ़ा है। ऐसे में आयोजन को भव्य रूप देने की कोशिश की जा रही है। बुधवार से प्रारंभ होने जा रहे मेले के लिए मंगलवार देर रात तक स्टॉल सजाए जाते रहे। अन्य राज्यों से भी व्यापारी यहां शामिल होने आ रहे हैं, ऐसे में उनके द्वारा लाए गए आमों के उचित संरक्षण की भी व्यवस्था विवि प्रशासन द्वारा की गई है।*

## कॉलेजों में दाखिले के लिए आवेदन 18 जून से, रविवि के पोर्टल में भरे जाएंगे फॉर्म

# शहर के शीर्ष-5 महाविद्यालयों की पहली सूची में नाम 80% से अधिक अंक पर ही, द्वितीय श्रेणी छात्रों के लिए राह मुश्किल

**पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा महाविद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 18 जून से प्रारंभ की जाएगी। रविवि की वेबसाइट में जाकर छात्रों को निर्धारित पोर्टल में आवेदन करने होंगे। छात्रों को किन्हीं पांच महाविद्यालयों का चुनाव प्राथमिकता के आधार पर करना होगा। छात्रों द्वारा जिन कॉलेजों का चुनाव किया जाएगा, उन महाविद्यालयों को आवेदनकर्ता छात्रों के नाम रविवि द्वारा भेजे जाएंगे।**

**रायपुर।** छात्रों के प्राप्तांकों के आधार पर महाविद्यालय छात्रों को सीट आवंटित करेंगे। सूत्रों के अनुसार, 18 जून से आवेदन पोर्टल खोले जाने के बाद जून अंत तक पहली मेरिट लिस्ट जारी हो सकती है। जबकि दूसरी और तीसरी मेरिट लिस्ट जुलाई में जारी की जाएगी। बीते कुछ सालों में शहर के महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए मारामारी बढ़ी है। ट्रेंड के अनुसार, मौजूदा सत्र में भी पहली मेरिट लिस्ट में कटऑफ 80 प्रतिशत से अधिक जाने की संभावना है। साइंस कॉलेज में सामान्य वर्ग में यह 90 प्रतिशत तक जा सकता है। अंतिम चरणों में भी प्रवेश प्रथम श्रेणी हासिल करने वाले छात्रों को ही मिल सकेंगे। द्वितीय श्रेणी हासिल करने वाले छात्रों के लिए इस बार राजधानी के कॉलेजों में राह मुश्किल है। शिक्षाविदों के अनुसार, पिछले साल भी कॉलेजों में यही ट्रेंड देखने को मिलेगा।

**महाविद्यालयों में काउंसिलिंग सहित अन्य तरह की प्रक्रियाएं प्रारंभ**


*कई महाविद्यालयों में छात्रों के लिए काउंसिलिंग सुविधा भी प्रारंभ की गई है। यहां छात्र संचालित पाठ्यक्रम, सीट, सिलेबस सहित अन्य तरह की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। प्रवेश के लिए पहुंचने वाले विद्यार्थी प्लेसमेंट को लेकर भी सजग हैं। तस्वीर महंत कॉलेज की है, जहां शिक्षक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आने वाले छात्रों को जानकारी दे रहे हैं।*



### साइंस कॉलेज : सामान्य वर्ग का कटऑफ 90 प्रतिशत

विज्ञान के छात्रों के लिए पहली प्राथमिकता साइंस कॉलेज ही होती है। पिछले कुछ सत्रों से यहां प्रथम श्रेणी में कटऑफ 90 प्रतिशत से अधिक ही रहा है। सामान्य वर्ग के छात्रों को अंतिम मेरिट लिस्ट में भी जगह 80 या 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर ही मिल सकेगी। आरक्षित श्रेणी के छात्रों को 80 प्रतिशत अंक पर दाखिले मिल सकते हैं। यहां बीएससी में कटऑफ बायोटेक्नोलॉजी की तुलना में कम जाते हैं। रक्षा साइंस जैसे डिमांडिग कोर्स में छात्रों का कटऑफ अधिक रहता है।

### दुर्गा कॉलेज : कॉमर्स की 800 सीटें, फिर भी मारामारी

कॉमर्स संकाय के छात्रों की पहली पसंद दुर्गा महाविद्यालय है। यहां कॉमर्स की 800 सीटें हैं, फिर भी अंतिम प्रवेश सूची तक दाखिले के लिए मारामारी की स्थिति बनी रहती है। 60 सीटें कॉमर्स विथ कंप्यूटर साइंस की हैं। इसमें भी प्रवेश के लिए छात्रों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलती है। प्रथम सूची में कॉमर्स संकाय में कटऑफ 80 प्रतिशत के ऊपर ही रहता है। अंतिम सूची में यह प्रथम श्रेणी तक चला जाता है। डिमांड होने के कारण कई बार अंतिम सूची के पूर्व ही यहां की सभी सीटें भर जाती हैं। यहां बीए की 500 सीटें हैं। इसमें प्रथम मेरिट लिस्ट में कटऑफ 75 प्रतिशत से अधिक अथवा 80 प्रतिशत के आस-पास ही रहता है। अंतिम चरणों में प्रथम श्रेणी प्राप्त छात्रों को भी इसमें दाखिला मिल जाता है। इसके अलावा यहां स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का भी संचालन होता है, जिसमें प्रवेश स्नातक कोर्स के साथ ही शुरू हो जाएंगे।






### डिग्री गर्ल्स : लड़कियों का पसंदीदा कॉलेज, चार वर्षीय पाठ्यक्रम पहले ही लागू

लड़कियों के पसंदीदा महाविद्यालयों में डिग्री गर्ल्स कॉलेज शीर्ष पर है। हॉस्टल सुविधा भी यहां है। ऑटोनॉमस महाविद्यालय होने के कारण साइंस और छत्तीसगढ़ कॉलेज के साथ यहां भी चार वार्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पहले ही लागू किया जा चुका है। बीए, बीकॉम और बीएससी तीनों ही संकाय में प्रथम श्रेणी प्राप्त छात्रों को ही प्रवेश मिलने का ट्रेंड रहा है। इस बार भी यही स्थिति निर्मित रहने की संभावना है।

### छत्तीसगढ़ महाविद्यालय : यहां आर्ट्स में भी कटऑफ 80 प्रतिशत से अधिक

छग कॉलेज में कला, वाणिज्य और विज्ञान तीनों ही संकाय के लिए होड़ रहती है। आर्ट्स में फैकल्टी सुविधा अधिक होने के कारण बीए पढ़ने वाले विद्यार्थी इस महाविद्यालय का चयन प्राथमिकता से करते हैं। बीएससी और बीकॉम को लेकर भी यहां क्रेज है। तीनों ही संकाय में पहली मेरिट लिस्ट में कटऑफ 80 प्रतिशत से अधिक ही होता है। अंतिम सूची में बीकॉम और बीएससी में कटऑफ 70 प्रतिशत तक जाने का ट्रेंड है, जबकि कला संकाय में सामान्य वर्ग में प्रथम श्रेणी के छात्रों का ही दाखिला हो पाता है। यहां बीकॉम की 235 सीट है। बीकॉम कंप्यूटर एप्लीकेशन की 30, बीए की 355, बीएससी बायो की 265 तथा बीएससी गणित की 163 सीटें यहां हैं। यह ऑटोनॉमस महाविद्यालय है। यहां शैक्षणिक सत्र 2022-23 से ही चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की शुरुआत हो चुकी है।



### बारहवीं के परिणामों पर निर्भरता

कटऑफ कितने जाएंगे, यह बहुत हद तक बारहवीं कक्षा के नतीजों पर निर्भर करता है। यदि परिणाम अच्छे रहते हैं तो कटऑफ भी अधिक रहता है।

-डॉ.अमिताभ बनर्जी
प्राचार्य, छग कॉलेज

### हमारी तैयारी पूरी निर्देशों का इंतजार

कॉलेजों में दाखिले के लिए हमारी तैयारी पूरी हो चुकी है। वर्तमान सत्र से कॉलेजों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके संदर्भ में दिशा-निर्देशों का इंतजार है।

-डॉ. प्रोतिभा मुखर्जी, प्राचार्य
दुर्गा महाविद्यालय

### लौट रहे नियमित कक्षाओं की ओर

कोरोना काल में छात्र प्राइवेट परीक्षा पर जोर देने लगे थे, लेकिन अब वे एक बार फिर से नियमित कक्षाओं की ओर लौट रहे हैं। यह एक अच्छा संकेत है।

-डॉ.देवाशीष मुखर्जी
प्राचार्य, महंत कॉलेज

### नए कोर्स प्रारंभ

परंपरागत कोर्स के साथ ही हमने छात्रों के लिए नए कोर्स भी प्रारंभ किए हैं। इसका लाभ भी छात्राओं को मिलेगा।

-डॉ. संगीता घई, प्राचार्य
डागा गर्ल्स कॉलेज

### प्राप्त कर सकते हैं जानकारी

रविवि 18 से आवेदन शुरू कर रहा है। इसके पूर्व यदि कोर्स अथवा सीट संबंधित कोई जानकारी चाहिए तो छात्राएं महाविद्यालय में संपर्क कर सकती हैं। हम अपने स्तर पर सर्वोत्तम व्यवस्था करने की कोशिश कर रहे हैं।

- प्रो.वीके गोयल, प्राचार्य
देवेंद्र नगर कन्या महाविद्यालय

### डागा गर्ल्स कॉलेज इस बार योगा में डिप्लोमा और समाज कार्य जैसे नए कोर्स भी




डिग्री गर्ल्स कॉलेज के बाद लड़कियां इस महाविद्यालय में प्रवेश लेना पसंद करती हैं। यहां कटऑफ डिग्री गर्ल्स कॉलेज की तुलना में कम रहता है। प्रथम मेरिट लिस्ट में प्रवेश 70 प्रतिशत अंक पर प्राप्त हो जाते हैं, जबकि अंतिम मेरिट लिस्ट में प्रवेश 55 प्रतिशत तक में मिल जाते हैं। शहर के सबसे पुराने कॉलेजों में से यह एक है। यहां बीए, बीकॉम तथा बीएससी तीनों की 400-400 सीटें हैं। महाविद्यालय में इस सत्र से नए पाठ्यक्रमों की भी शुरुआत छात्रों के लिए की जा रही है। इसमें पीजी डिप्लोमा इन योगा तथा फिलोसपी व मास्टर इन सोशल वर्क शामिल हैं। दोनों ही पाठ्यक्रम के प्रथम बैच में 20-20 सीटें रहेंगी।

### देवेंद्र नगर कन्या महाविद्यालय प्रथम श्रेणी में मिल जाएगा प्रवेश

शहर के अन्य महाविद्यालयों की तुलना में यहां प्रतिस्पर्धा अपेक्षाकृत कम है। बीए, बीकॉम तथा बीएससी की पढ़ाई यहां होती है। प्रथम श्रेणी प्रापत छात्रों को यहां दाखिला आसानी से मिल सकता है। बीते कुछ वर्षों में यहां लाइब्रेरी, खेल मैदान सहित कई सुविधाओं में वृद्धि होती है। इस कारण भी यहां प्रवेश के लिए दिलचस्पी बढ़ी है।



### महंत कॉलेज बीबीए और बीसीए में कटऑफ 70 प्रतिशत से अधिक



प्राइवेट कॉलेज होने के बाद भी महंत महाविद्यालय में बीबीए और बीसीए के लिए कटऑफ पिछले तीन सालों से सामान्य वर्ग में 70 प्रतिशत से अधिक जाता रहा है। यहां इन दोनों ही पाठ्यक्रम की 30-30 सीटें हैं। इस कारण भी कटऑफ हाई रहता है। बीकॉम का कटऑफ 60 प्रतिशत तथा बीए का कटऑफ 55 प्रतिशत तक रहता है। इससे कम अंक हासिल होने पर यहां भी प्रवेश मुश्किल है। यहां बीकॉम की 400 तथा बीए की 300 सीटें हैं। इसके अलावा बीएससी कंप्यूटर साइंस व बीएससी आईटी की 30-30 सीटें हैं।

## लाइव इवेंट

# जन कल्याण के लिए रक्तदान जुटा समाज, 74 यूनिट संग्रह



**रायपुर।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं जन कल्याण समिति, गंडई के सहयोग से जरूरतमंद मरीजों के लिए विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में 74 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। जन कल्याण समिति, गंडई की तरफ से कैंप का कार्यभार चेतन पटेल और मॉडल ब्लड (बैंक) की तरफ से इंचार्ज डॉ. विजय कापसे की निगरानी में संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. खालिदा, डॉ. रश्मि, डॉ. रविशंकर, गिरीश, लोमेश, वर्षा चौधरी, शोभाराम साहू, हेमा कश्यप, राकेश बंजारे, राकेश शर्मा, पैरामेडिकल स्टाफ से मुकेश, सती और भावना शामिल थे। सभी के विशेष सहयोग से इस रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।

### आयुर्वेद महाविद्यालय में 1802 बच्चों का स्वर्णप्राशन

बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1802 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। स्वर्णप्राशन के साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में आयुष विभाग की संचालक इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720, 16 अप्रैल को 1410 और 13 मई को 1256 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।



## बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट कार्यशाला का समापन

**कार्नर न्यूज**

# निपुणता से कर सकें इलाज, इसलिए 84% अंक प्राप्त करने पर ही छात्र होते हैं कार्डियक अरेस्ट में उत्तीर्ण

**पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के एनेस्थीसिया एवं पेन मैनेजमेंट विभाग द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट पर आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया।**

**रायपुर।** अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा संचालित एवं प्रमाणित इन कोर्स के प्रशिक्षण के जरिए कार्डियक अरेस्ट जैसी आपात स्थिति में मरीज की जान बचाने में मदद मिलती है। कार्यशाला का समापन प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित कर किया गया। गुजरात से विशेष रूप से प्रशिक्षण देने के लिए डॉ. जनक खम्बोल्झा एवं डॉ. पल्टियाल पैलेट कार्यशाला में शामिल हुए।



### यह है बेसिक लाइफ सपोर्ट और कार्डियक लाइफ सपोर्ट में अंतर

*विशेषज्ञों ने बताया, बेसिक लाइफ सपोर्ट जीवन से जुड़े आपातकाल के शुरुआती चरण में जीवन रक्षा के लिए किया जाने वाला प्राथमिक प्रतिक्रिया है, जबकि एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट सहायक चिकित्सा देखभाल है जिसका उपयोग चिकित्सा कर्मी एवं डॉक्टर, अस्पताल में मरीज का उपचार जारी रखने के दौरान करते हैं।*

### मेडिकल स्टूडेंट्स ने टीम बनाकर किया अभ्यास

*कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने बताया, कार्यशाला के समापन से पहले रेसिडेंट्स को मेगा कोड स्किल स्टेशन की बारी-बारी से टीम बनाकर सामूहिक अभ्यास कराया गया। रियल केस सिनेरियो बनाकर कार्डियक अरेस्ट के पहले और बाद में अपनाए जाने वाले प्रोटोकॉल के बारे में अभ्यास कराया गया। उसके बाद सभी प्रशिक्षुओं की लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षाएं ली गई। कोर्स इंस्ट्रक्टर डॉ. शिवम पटेल ने बताया कि परीक्षा में 84 प्रतिशत प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ही पास किया जाता है। यह परीक्षा इतनी कठिन इसलिए रखी जाती है ताकि कार्डियक अरेस्ट एवं गंभीर मरीजों का उपचार करने वाले स्वास्थ्य कर्मचारी निपुणता से इलाज कर सकें। इस कार्यशाला के जरिये जीवन रक्षा के लिए उन्हें निपुण किया जाता है।*

## आराधना

# भगवन प्राप्ति के लिए करें सत्संग दान, धर्म व बड़े-बुजुर्गों की सेवा



रायपुर। समता कालोनी स्थित विप्र भवन में ब्राह्मण समाज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कथावाचक के रुप में दण्डी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज मौजूद रहे। कथा के तीसरे दिन महाराज ने कहा, भरत को एक हिरण के मोह के कारण पुनः मानव जन्म लेना पड़ा, फिर सोचिए की संसारी मनुष्य का क्या होने वाला है। दिन-रात मोह के मुंह में हमेशा फंसे रहते हैं, तेरा-मेरा करते रहते हैं। जीवन में भगवत प्राप्ति के लिए सतसंग, दया भाव, धर्म, दान, संतों व बड़े-बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए। भगवान की दो पत्नियां हैं। एक श्री देवी जिन्हें लक्ष्मी माता के नाम से जाना जाता है और दूसरी पत्नी भू देवी हैं।

### भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में अपने पितरों के कल्याण एवं स्वजनों की स्मृति में 21 ब्राम्हण सामूहिक रूप से शामिल हुए। भवन में सुबह आचार्य पंडित रवि शास्त्री, पंडित खिलेश्वर, तरुण मिश्रा सहित आचार्यों द्वारा वेदीपूजा संपन्न की गई। मंगलवार को आयोजित कथा के अंत में भजन संध्या किया गया। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति-भाव के साथ झूमते नजर आए। कथा के दौरान नरेन्द्र तिवारी, व्यास नारायण शुक्ला, अशोक दीवान,ओम प्रकाश मिश्रा, प्रफुल्ल शर्मा, एमपी शर्मा,प्रीति शुक्ला,प्रणीता शर्मा, शैल पाण्डेय, प्रिया दीवान, मनीषा तिवारी, एकता तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## धर्म लाइव

# ज्ञान की आराधना करने श्रुत पंचमी पर सजाई गई पालकी



**रायपुर।** टैगोर नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगलवार को ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी पर श्रुत पंचमी का महापर्व मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रभात जैन ने बताया, श्रुत पंचमी एक दिगंबर जैन पर्व है। यह प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाता है। दिगंबर जैन परंपरा के अनुसार श्रुत पंचमी पर्व ज्ञान की आराधना का महान पर्व है, जो जैन भाई-बंधुओं को वीतरागी संतों की वाणी सुनने, आराधना करने और प्रभावना बांटने का संदेश देता है। इस दौरान मंदिर परिसर में मां जिनवाणी की पूजा अर्चना भव्य रुप से की गई ।

### पालकी संग नगर भ्रमण करते पहुंचे मंदिर

श्रुत पंजमी के अवसर पर जैन समाज के सदस्यों ने पालकी सजाकर मंदिर प्रांगण में लाया गया। शोभायात्रा के दौरान महिलाएं चमचमाते कपड़े, मोती, रंग-बिरंगे स्टोन, बांस की टोकरी, झूमर और पालना से पालकी को सजाती नजर आईं। शोभायात्रा के दौरान सौ से अधिक समाज के सदस्य शामिल हुए, जिन्होंने पालकी के साथ पैदल यात्रा की। कार्यक्रम के दौरान समिति के अध्यक्ष राजेश जैन, प्रभात जैन, मनीता जैन, महिला मंडल अध्यक्ष बबिता जैन, अरुण, यशोधर सिंघई, सुनील, नीलेश, निर्मल , रश्मि, प्रमिला, सीमा, कविता, आशा, अंजना, दीपाली आदि उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

# साइंस कॉलेज में होगा राज्यस्तरीय योगाभ्यास, जुटेंगे हजारों नागरिक

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को रायपुर स्थित साइंस कॉलेज मैदान में होगा। योग दिवस पर योगाभ्यास का कार्यक्रम होगा। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक भाग लेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर और जनसामान्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में स्कूलों, कॉलेजों, यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों और जन सामान्य की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए बैठक संपन्न हुई। अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुवा ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम स्थल साइंस कॉलेज मैदान को आरक्षित करवाकर सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



### विभिन्न विभागों को दी गई जिम्मेदारी

छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य के विभिन्न स्तरों पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, टी-शर्ट, ट्रेक शूट सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए राज्य नोडल अधिकारी, समाज कल्याण विभाग से आवश्यक समन्वय किया जाएगा। नगरीय प्रशासन तथा विकास विभाग द्वारा नगर पालिका निगम रायपुर के सहयोग से आयोजन स्थल पर पेयजल, स्वच्छता, इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी। गृह विभाग द्वारा आयोजन स्थल में संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को आयोजन स्थल पर पहुंचाने सहयोग करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव पी.दयानंद, एस.बसवराजू, सोनमणि बोरा, डॉ. कमलप्रीत सिंह सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## देवपुरी में गोदड़ीवाला प्राथमिक पाठशाला में पढ़ाई के लिए 10 कमरे, पूरी जिम्मेदारी महिला शिक्षकों को

# कॉपी-किताब व फीस ही नहीं स्कूल ड्रेस व बैग भी फ्री 24 साल से 300 ग्रामीण बच्चों की लग रही पाठशाला

स्कूल खुलते ही माता-पिता को बच्चों के एडमिशन, फीस, स्कूल ड्रेस, किताब-कॉपी व बैग खरीदने पर होने वाले खर्च की चिंता सताने लगती है। इसके लिए लोगों को कई तरह की आर्थिक दिक्कतों का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे दौर में देवपुरी में एक ऐसा प्राथमिक पाठशाला 24 साल से संचालित हो रहा है, जहां पहली कक्षा में एडमिशन के बाद माता-पिता चिंता मुक्त हो जाते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि प्राथमिक शिक्षा पर होने वाला खर्च गोदड़ीवाला प्राथमिक पाठशाला संचालन समिति और ट्रस्ट द्वारा वहन किया जाता है।

**रायपुर।** देवपुरी में ब्रह्म स्वरूप संत बाबा गेलाराम ट्रस्ट द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित न रह जाएं, उनको भी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की जैसी सुविधा मिले, दूसरे बच्चों की तरह वे भी अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त कर सकें, इस लिहाज से 24 साल पहले ट्रस्ट द्वारा 13 हजार वर्गफीट एरिया में 10 क्लास रूम में टेबल व बेंच के साथ बिजली व पानी की बेहतर सुविधा की गई। इसके साथ ही प्राचार्य रूम, शिक्षिकाओं के लिए कार्यालय के साथ हॉल का निर्माण करवाया गया है। ट्रस्टी अमर गिदवानी ने बताया कि पढ़ाने के साथ ही बच्चों को खेलने के लिए बेहतर माहौल देते हैं, ताकि विभिन्न खेलों के प्रति भी उनका लगाव बढ़े। हर साल स्कूल शिक्षा विभाग की गाइडलाइन के तहत ही एडमिशन की प्रक्रिया की जाती है। इसमें माता-पिता बच्चे का एडमिशन कराते समय जरूरी दस्तावेज देते हैं। इसके आधार पर प्रवेश देते हैं, इसके बाद सारी जिम्मेदारी निभाई जाती है।





### हर क्लास में दो सेक्शन

*ट्रस्ट के सेवादार एवं समिति के इंदर लाल सचदेव, लाल खुबचंदानी व राज थौरानी ने बताया कि प्रत्येक कक्षा में 60 बच्चों को शिक्षा दी जाती है। उनको पढ़ाने वाले शिक्षक बेहतर शिक्षा दे सकें, हर विद्यार्थी उनकी निगरानी में रहें, इस बात को ध्यान में रखते हुए हर क्लास में दो सेक्श ही रखे गए हैं। इस तरह से 30-30 विद्यार्थी एक क्लास रूम में होते हैं। इस लिहाज से 10 कमरे में पढ़ाई होती है। इसमें देवपुरी, फुड़हर, लालपुर, डूंडा व डूमरतराई में रहने वाले ग्रामीणों के बच्चों को प्राथमिकता दी जाती है।*

### शिक्षिकाएं संभाल रहीं कमान

इस पाठशाला में प्राचार्य व उप प्राचार्य सहित 13 शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षा की कमान संभाली जाती है। इनको वेतन व शिक्षा के लिए जरूरी सुविधा समिति द्वारा दी जाती है। वही क्लास रूम से लेकर स्कूल परिसर की सफाई, सुरक्षा व कार्यालय स्टाफ के रूप में 5 कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षकों द्वारा क्लास में करवाए गए कोर्स की हर सप्ताह मीटिंग में समीक्षा की जाती है। यह व्यवस्था बच्चों व शिक्षकों के बीच तालमेल बनाने के लिए की गई है। इसका फायदा रिजल्ट के रुप में मिलता है।

### थोक में लेते हैं स्टेशनरी व ड्रेस

समिति के लोगों ने बताया कि एडमिशन के दौरान ही स्कूल ड्रेस, बैंग, स्टेशनरी को थोक में खरीदते हैं। इसके बाद हर क्लास में जरूरी सामग्री को बांटा जाता है। इसके साथ दूसरी, तीसरी, चौथी या पांचवीं कक्षा के जिन विद्यार्थियों का ड्रेस खराब होते हैं, उनको भी समय-समय पर नया स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराया जाता है। ट्रस्ट के लोगों ने बताया कि अच्छी शिक्षा के चलते हर साल स्कूल के दो से तीन बच्चे प्राथमिक शिक्षा के मामले में टॉप-10 में जगह बनाते हैं। पढ़कर निकले विद्यार्थी अब भी जुड़े हैं।

### सुबह 7 से 11 लगती है कक्षा

नए शिक्षा सत्र के लिए पहली कक्षा में प्रवेश दिलाने के लिए लोगों का आना-जाना शुरू हो गया है। सुबह 7 से 11 बजे तक ही पढ़ाई होती है। इसके लिए विषय में अच्छी पकड़ रखने वाली योग्य शिक्षिकाओं को जिम्मेदारी दी गई है। इस बार भी 16 जून से नियमित क्लास शुरू होगी। इसके पहले ही प्रवेश एवं किताब-कॉपी उपलब्ध कराने के लिए बल्क में खरीदी के लिए तैयारी की गई है। ऐसा करके आने वाले विद्यार्थियों को कई दिनों तक जरूरी पाठ्य सामग्री के लिए इंतजार करने से भी समिति बचाती है।

# तकनीकी विवि और साइंस सेंटर बच्चों को मिलकर सिखाएंगे मोबाइल ऐप डेवपलमेंट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर और भिलाई स्थित छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। साइंस सेंटर परिसर में कैंप 11 से 14 जून तक संचालित किया जाएगा। चार दिवसीय कार्यशाला का मुख्य विषय 'मोबाइल ऐप डेवलपमेंट' है, जिसमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित विषय को बढ़ावा दिया जाएगा। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को यांत्रिक इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रोग्रामिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करना है। मोबाइल ऐप डेवलपमेंट कार्यशाला में विश्लेषण करना, मुद्दों की पहचान करना और नवाचारी समाधान विकसित करना सिखाया जाएगा।






### ऐप के विकास पर परिचर्चा

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के कंप्यूटर साइंस विभाग के डॉ. नचिकेत तापस कार्यक्रम के दौरान शामिल हुए। पहले दिन मोबाइल ऐप के विकास का महत्व, इसके व्यावसायिक तकनीकी प्रभाव, फ्लटर के बुनियादी सिद्धांत, संरचना और उपयोग की जानकारी दी गई। साथ रही फ्लटर डेवलपमेंट एनवायरनमेंट का सेटअप, इसकी आवश्यक, उपकरणों की स्थापना, फ्लटर के लिए आवश्यक न्यूनतम सिस्टम की जानकारी दी गई। सेंटर के महानिदेशक एसएस बजाज के बताया, वर्कशॉप में छात्र-छात्राओं को मोबाइल ऐप से परिचित कराया जा रहा है। जिसमें बच्चों को ऐप की डिजाइन और कार्य को क्रमबद्ध रुप से समझाया जाएगा। इससे ऐप में विभिन्न समस्या होने पर उसका निवारण किया जा सकता है। विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान के साथ सहयोग, संगठनात्मक कौशल और संवाद कौशल में बढ़ावा दिया जाएगा। जिससे उनके आने वाले भविष्य में सुधार हो सके।

# विविध कलाओं का लिया प्रशिक्षण फिर लगाई नन्हे बच्चों ने प्रदर्शनी



रायपुर। टिकरापारा स्थित नूतन स्कूल में 40 दिवसीय समर कैंप का समापन मंगलवार को हुआ। इस दौरान अन्य राज्य एवं जिलों के प्रतिभागी भी मौजूद रहे। आयोजन की शुरुआत नन्हे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुई। इसके पश्चात के बच्चों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई। कैंप के दौरान मोबाइल एडिक्शन, महिला सशक्तिकरण, कॅरियर काउंसिलिंग और योग संबंधित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। समर कैंप के दौरान मेहंदी, चित्रकला, पॉट वर्क, माइक्रॉन, क्लासिकल नृत्य, फोक डांस, कंप्यूटर, स्पोकन इंग्लिश, आर्ट जैसी विभिन्न कक्षा का संचालन किया गया।

### भावुक हुए बच्चे

समर कैंप प्रभारी प्रेम ने बताया, समर कैंप के समापन अवसर पर निःशुल्क प्रशिक्षण देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रत्येक वर्ष कैंप का आयोजन नए थीम के साथ किया जाता है। कैंप में ग्रीष्मकालीन छुट्टियां बिताने शहर आए बच्चों ने भी हिस्सा लिया था, जो अंतिम दिन कार्यक्रम के दौरान भावुक नजर आए। बीते छःवर्ष से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा, जिसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों का विभिन्न गतिविधियों में शामिल करना है। इस दौरान स्कूल के संचालक एम.अग्रवाल, प्राचार्य डॉ.ममता पांडे, उपप्राचार्य सुनीता रायकवार,प्रधान पाठिका रजनी जॉल मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

## कार्नर न्यूज

## भारत के साथ यूएसके, यूएई समेत अन्य देशों में हो रहा है प्रसारण

# क्रिकेट प्रेमियों को भा रहा है सीपीएल, भारत के अलावा विदेशों से भी मिल रही हजारों व्यूअरशिप

**रायपुर।** शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग देश और दुनिया में लोकप्रिय हो चुका है। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के जरिए भारत के साथ 50 देशों में एक साथ मैच का लाइव प्रसारण किया जा रहा है। रोजाना लाखों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी देश और विदेश में सीसीपीएल का आनंद उठा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक देश के अलावा विदेश में भी मैच को व्यूअरशिप मिल रही है। विदेशों में भी हजार से अधिक क्रिकेट प्रेमी इसका लुत्फ उठा रहे हैं। स्पोर्ट्स नेटवर्क में रोजाना लाखों लोग विभिन्न तरह के खेल देखते हैं। सीसीपीएल के आयोजन के बाद हर दिन टीवी में मैच देखने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ऐप में भी उपलब्ध होने से सीसीपीएल को आसानी से लाइव देखा जा सकता है। इसके अलावा पहली बार लीग मैच होने से स्टेडियम में रोजाना हजारों की संख्या में दर्शक पहुंचकर करीब से मैच का लुत्फ उठा रहे हैं।



### उभरते खिलाड़ी की बन रही सूची

छत्तीसगढ़ के आईपीएल खिलाड़ियों का कहना है कि सीसीपीएल में सभी खिलाड़ियों को आईपीएल जैसा अनुभव मिल रहा है। जिस तरह हम आईपीएल में सीनियर प्लेयर के साथ क्रिकेट खेलकर नया अनुभव सीखते हैं वैसे ही विभिन्न जिलें के खिलाड़ी सीख रहे हैं। 6 टीम में 2 से 3 खिलाड़ी ऐसे है, जो पहले जिले या फिर कैंप मैच खेलते थे, जो अब सीधे सीनियर प्लेयर के साथ खेल रहे हैं। क्रिकेट संघ सीसीपीएल में अच्छा प्रदर्शन दिखाने वाले खिलाड़ियों की सूची भी तैयार कर रहा है ताकि उभरते खिलाड़ी को बड़े मैचों में अच्छा मौका दिया जा सके।

### 16 साल के धनंजय नायक स्टार खिलाड़ियों पर पड़े भारी



सीसीपीएल में विभिन्न जिलों के जूनियर खिलाड़ियों को भी मौका मिला है, जिसमें टीम राजनांदगांव से बाएं हाथ के गेंदबाज धनंजय नायक रणजी और आईपीएल के स्टार खिलाड़ियों पर भारी पड़ रहे हैं। सोमवार को धनंजय ने आईपीएल में पंजाब किंग्स के स्टॉर खिलाड़ी और बिलासपुर के कप्तान को अपनी फिरकी गेंदबाजी से पवेलियन भेज दिया। यह पहला मौका रहा जब 16 साल गेंदबाज ने सीनियर खिलाड़ी आउट कर दिया। धनंजय ने अभी तक सभी मैच में अच्छा प्रदर्शन दिखाया है। 6 टीम में विभिन्न जिलों से दर्जन से अधिक ऐसे खिलाड़ियों को भी मौका मिला है, जिसे अभी तक अंडर 18 से 20 के बीच खेलते थे। सीसीपीएल से उन्हें सीधे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मौका मिला है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### मंडल स्तरीय शतरंज में एलआईसी की अंजनी और पद्मावती बने विजेता



**रायपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल की मंडल स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 10 जून को पंडरी स्थित मंडल कार्यालय रायपुर में किया गया। उक्त प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में दल्लीराजहरा के अंजनी कुमार हजारी एवं महिला वर्ग में भिलाई-1 की ई.व्ही. पद्मावती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश कुमार सिंह थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रबंधक (कार्मिक) एन. वेंकटेश, चयन समिति के चेयरमैन प्रबंधक (आईटी) नीलमणी द्विवेदी, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन महासचिव सुरेंद्र शर्मा एवं क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर की सचिव संध्या राज उपस्थित थे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं फिडे ऑर्बिटर रवि कुमार थे। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग द्वितीय आशीष झा (राजनांदगांव), तृतीय मोहन उम्बरकर (दुर्ग) और महिला वर्ग में द्वितीय-चित्रांगिता साहू (रायपुर-3) और तृतीय-वीणा चंदनगर (सरायपाली) रहे।


प्रतियोगिता में विजेता हुए खिलाड़ी एवं मध्य क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिये सीधी पात्रता प्राप्त खिलाड़ी पुरुष वर्ग में सागर बघेल (दल्लीराजहरा) का चयन आगामी आयोजित होने वाली ₹मध्य क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता₹ के लिए किया गया है, जिसमे सम्पूर्ण मध्य क्षेत्र (म.प्र. एवं छ.ग.) के 08 मंडल कार्यालय के पुरुष एवं महिला विजेता एवं सीधी पात्रता प्राप्त खिलाड़ी भाग लेंगे।मध्य क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाड़ी भारतीय जीवन बीमा निगम की अखिल भारतीय शतरंज प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगें। इस अवसर पर सेलेक्शन कमेटी के सदस्य अनुरोध शर्मा, पूर्व स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड सदस्य शिशिर गुप्ता, विजय तिरपुडे, करण सोनकर, अगेश्वर साहू, ललित वर्मा एवं अन्य सदस्यगण व खिलाडीगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीडा एवं मनोरंजन समिति रायपुर के सह सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

### अस्मिता खेलो इंडिया महिला रैंकिंग वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में छत्तीसगढ़ से दो निर्णायक




**रायपुर।** अस्मिता खेलो इंडिया महिला रैंकिंग वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता भुवनेश्वर (उड़ीसा) में 10 से 14 जुलाई तक आयोजित होना है। जिसमे छत्तीसगढ प्रदेश भारोत्तोलन संघ के 2 राष्ट्रीय निर्णायको का चयन किया गया है। माधूरी साहू (रायपुर) पीटीआई, शास विद्यालय उच्च. माध्यमिक नरहरपुर ब्लॉक,अभनपुर विगत 2 वर्षो से अस्मिता खेलो इंडिया में निर्णायक की भूमिका निभा रही है। दुर्ग जिले के छबि राम विश्वकर्मा का भी चयन किया गया है. जो इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के दूसरे निर्णायक है। संघ द्वारा इन दोनों निर्णायको को उनके चयन पर शुभकामनाए प्रेषित करते हुये अध्यक्ष विजय बघेल, डी डी चंदेल, घनश्याम जंघेल, नंदू जंघेल, मनीष जंघेल, रूस्तम सारंग, अजय दीप सारंग, ललित साहू, अशोक साहू, चंद्र शेखर साहू, जयंत बागची, ललित गुरु एवं महासचिव राजेश जंघेल ने शुभकामनाए दी है।

### जिला जूनियर एवं सबजूनियर बैडमिंटन स्पर्धा 20 जून से




**रायपुर।** रायपुर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा 20 से 23 जून तक सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल में जिला जूनियर एवं सब जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। स्पर्धा 11,13 और 19 वर्ष आयु समूह में बालक एवं बालिका एकल वर्ग में खेली जायेगी। उक्त स्पर्धा के आधार पर बिलासपुर जिले में होने वाली जूनियर (19 वर्ष) राज्य बैडमिंटन स्पर्धा के लिये ज़िले की टीम का चयन किया जायेगा। स्पर्धा में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 18 जून है। यह जानकारी सचिव रायपुर जिला बैडमिंटन संघ अनुराग दीक्षित ने दी।

## हाइपरटेंशन में त्वचा का रंग पड़ जाता है नीला, जा सकती है जान

# आपकी जान को जोखिम में डाल सकता है लगातार तनाव में रहना

हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को शरीर में कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण माना जाता है। इससे हार्ट अटैक से लेकर स्ट्रोक जैसी जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा हो सकता है। लाइफस्टाइल में गड़बड़ी को हाइपरटेंशन की बढ़ती समस्या का प्रमुख कारण माना जाता रहा है। हाइपरटेंशन की स्थिति और इसके जोखिमों को लेकर तो हम सभी जानते हैं पर क्या आपने पल्मोनरी हाइपरटेंशन के बारे में सुना है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यह बीमारी तेजी से बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है। पल्मोनरी हाइपरटेंशन भी उच्च रक्तचाप का ही एक प्रकार है जो फेफड़ों और हृदय के दाहिने हिस्से की धमनियों को प्रभावित करता है। पल्मोनरी हाइपरटेंशन के एक प्रकार जिसे पल्मोनरी आर्टीरियल हाइपरटेंशन कहा जाता है, इसमें फेफड़ों में रक्त वाहिकाएं संकुचित, अवरुद्ध या क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। इस तरह की स्थिति के कारण फेफड़ों के माध्यम से रक्त का प्रवाह धीमा हो जाता है, जिसके कई तरह के दुष्प्रभाव हैं।




### पल्मोनरी हाइपरटेंशन के लक्षणों को जानिए

*पल्मोनरी हाइपरटेंशन की स्थिति शरीर में कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। आमतौर पर इसके लक्षण धीरे-धीरे विकसित होते हैं और बीमारी बढ़ने के साथ इसका अधिक होने लग जाता है। व्यायाम करते समय सांस की तकलीफ होना। शरीर में ऑक्सीजन का स्तर कम होने के कारण त्वचा का रंग नीला या भूरा होना। त्वचा के रंग के आधार पर इन परिवर्तनों को आसानी से देखा जा सकता है। सीने में दबाव या दर्द महसूस होना। चक्कर आना या बेहोशी होना। दिल की धड़कन का बढ़ना और अधिक थकान महसूस होते रहना।*

### पल्मोनरी हाइपरटेंशन का इलाज और बचाव

*पल्मोनरी हाइपरटेंशन का कोई इलाज नहीं है, हालांकि लक्षणों को सुधारने और इसके जोखिमों को कम करके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए दवाइयों और कुछ प्रकार की थेरेपी की मदद ली जा सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाल में कुछ प्रकार के बदलाव की स्थिति इस रोग के जोखिमों को कम करने में मददगार हो सकती है। साबुत अनाज, फल और सब्जियां, लीन मीट और कम वसा वाले डेयरी उत्पादों से भरपूर स्वस्थ आहार का सेवन करना हाइपरटेंशन के खतरे को कम कर सकता है। इसके अलावा जितना संभव हो उतना सक्रिय रहें और वजन नियंत्रित करें।*

### पल्मोनरी हाइपरटेंशन का बढ़ता जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पल्मोनरी हाइपरटेंशन कुछ लोगों में गंभीर और जानलेवा भी हो सकती है, ऐसे में इसके खतरे को लेकर सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। जिस तरह से हमारी लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी की समस्या बढ़ती जा रही है, इन रोगों का जोखिम भी बढ़ रहा है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि हम निरंतर प्रयास करते रहें जिससे इसके जोखिमों को कम किया जा सके।

### क्यों होती है पल्मोनरी हाइपरटेंशन की समस्या?

पल्मोनरी हाइपरटेंशन की समस्या विकसित होने के कई कारण हो सकते हैं। इसमें लाइफस्टाइल और आहार से संबंधित दिक्कतों के अलावा कुछ प्रकार के अंतर्निहित कारण जैसे जन्मजात हृदय रोग, कोरोनरी आर्टरी डिजीज, हाई ब्लड प्रेशर, लिवर के रोग (सिरोसिस), फेफड़ों में रक्त के थक्के बनने जैसे स्थितियां शामिल हैं। सामान्यतौर पर फेफड़ों में रक्त वाहिकाओं के माध्यम से हृदय के बाईं ओर आसानी से रक्त प्रवाहित होता है लेकिन फेफड़ों की धमनियों को लाइन करने वाली कोशिकाओं में परिवर्तन के कारण धमनी की दीवारें संकीर्ण, कठोर, सूज सकती हैं। ये परिवर्तन फेफड़ों के माध्यम से रक्त के प्रवाह को धीमा कर देते हैं, जिससे इस गंभीर रोग होने का खतरा कम हो सकता है।



## बिस्तर पर लेटकर करें ये 5 योगासन, सेहत को होंगे ये फायदे

गलत लाइफस्टाइल और खानपान से लोगों की सेहत पर प्रभाव पड़ता है। जिसके कारण लोग कई बीमारियों से ग्रसित होने लगते हैं। इन में मोटापा, थकान, शरीर दर्द और तनाव आदि शारीरिक और मानसिक समस्या शामिल हैं। इस तरह की शारीरिक समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए योगासन लाभकारी होता है। योगासन का नियमित अभ्यास गलत जीवन शैली और पौष्टिक आहार की कमी से होने वाली समस्याओं से राहत दिलाता है। हालांकि भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल में लोगों के पास योग या व्यायाम करने तक का समय नहीं मिल पाता। लेकिन सेहत को दुरुस्त रखने के लिए कुछ ऐसे योगासन हैं जो रोज सुबह नींद खुलने के बाद आप बेड पर ही कर सकते हैं। सुबह सुबह योगासन का अभ्यास मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। योगासन से शारीरिक समस्याएं कम होने के साथ ही तनाव और चिंता भी कम होती है। जानिए उन पांच योगासनों के बारे में, जिन्हें रोजाना सुबह आसानी से आप बिस्तर पर कर सकते हैं।

### भुजंगासन

रोजाना भुजंगासन का अभ्यास करने से भुजाएं मजबूत होती हैं। मांसपेशियों में खिंचाव आता है, जिससे बेली फैट कम होता है और रीढ़ में लचीलापन आता है। भुजंगासन का अभ्यास करने के लिए बिस्तर पर पेट के बल सीधा लेटकर दोनों हाथों को कंधे के सामने ले आएं। फिर दोनों हाथों को कंधे पर सामने लाते हुए पूरा शरीर एक सीध में रखें। अब ऊपरी हिस्से को भुजाओं से उठाएं और पैर सीधे रखते हुए कमर से ऊपर का हिस्सा हवा में रखें। कुछ देर इसी अवस्था में रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।

### बटरफ्लाई पोज

बद्धकोणासन को बटरफ्लाई पोज कहते हैं, जिसके अभ्यास से हिप्स और जांघों की मांसपेशियों में खिंचाव आता है और चर्बी कम होती है। पैरों में मजबूती और हिप्स शेप के लिए भी यह योगासन फायदेमंद है। इस योगासन को करने के लिए बिस्तर पर सीधा बैठकर दोनों पैरों के घुटनों को अंदर की तरह मोड़ें। अब पैरों के दोनों तलवे आपस में जोड़ते हुए दोनों हाथों से पैरों को पकड़ लें। अब जांघों को हिलाएं। इसी अवस्था में रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।

### पवनमुक्तासन

शरीर में लचीलेपन और रीढ़ की हड्डी मजबूत करने के लिए पवनमुक्तासन करें। पवनमुक्तासन से शरीर की थकान दूर होती है। इस आसन को करने के लिए बिस्तर पर लेटकर दोनों पैरों को आपस में मोड़ लें। फिर घुटनों को छाती पर लगाने हुए दोनों हाथों से पैरों को समेटें। इसी अवस्था में रहते हुए लंबी-लंबी सांस लें और छोड़ें।

### विपरीत करणी

इस आसन को करने से ब्लड सर्कुलेशन सीधा मस्तिष्क तक पहुंचता है और दिमाग तेजी से चलता है। मस्तिष्क तनाव मुक्त होता है और डार्क सर्कल सही होकर त्वचा ग्लो करती है। विपरीत करणी योगासन करने के लिए बिस्तर पर लेटकर पैरों को दीवार से सटाएं। फिर पैर को सीधा रखते हुए शरीर को भी सीधा कर लें। कुछ देर इसी अवस्था में रहें फिर सामान्य हो जाएं।

### अर्ध मत्स्येन्द्रासन

अर्ध मत्स्येन्द्रासन के अभ्यास से हिप्स और जांघ की मांसपेशियों का फैट कम होता है। ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होने के साथ ही कमर की चर्बी कम होती है। अर्ध मत्स्येन्द्रासन को करने के लिए बिस्तर पर पहले दंडासन की मुद्रा में बैठ जाएं। अब शरीर को सीधा रखते हुए बाएं पैर के घुटनों से मोड़कर दाएं पैर को उठाकर बाएं घुटने पर ले लाएं। अब दाएं हाथ की कोहनी को दाएं पैर के घुटने के ऊपर रखें। इसी अवस्था में रहने के बाद दूसरी तरफ से यह आसन दोहराएं।

## बाजार जैसा लच्छा पराठा बनाएं स्वाद जीत लेगा सबका दिल



नाश्ता हो या फिर लंच व डिनर गर्मागर्म पराठे हर मौके पर लजीज लगते हैं। पराठे ग्रेवी सब्जी से ड्राई सब्जी तक के साथ खाने में स्वादिष्ट लगते हैं। अधिकतर लोगों को पराठा पसंद होता है। पराठे के तरह से बनते हैं। लेकिन जब पराठे में ढेर सारी परते होती हैं तो उसका स्वाद दोगुना हो जाता है। लच्छा पराठा तो खाने के जायजा ही बदल देता है पर आमतौर पर घर पर लोग कई लेयर्स या परतों वाला पराठा नहीं बना पाते। इसे आप लच्छा पराठा भी कह सकते हैं। पराठे में जितनी ज्यादा परते होती हैं, उसका स्वाद उतना ही अच्छा लगता है। बाजार के लच्छा पराठा खाने के लिए आप पैसे खर्च करते हैं लेकिन हम आपको बताने जा रहे हैं 7 लेयर पराठा बनाने की रेसिपी। लच्छा पराठा बनाने की कुछ आसान टिप्स और ट्रिक्स हैं, जिन्हें फॉलो करके आप मिनटों में परफेक्ट पराठा बना सकती हैं।

### लच्छा पराठा बनाने का तरीका

गेहूं के आटे, मैदे और पानी को मिलाकर आटा गूंथ लें। आटा गूंथते समय इसमें थोड़ा तेल या घी मिलाएं।आटे को 15 मिनट के लिए ढक कर अलग रख दें। अब आटे की एक बड़ी लोई बेलें। इस लोई में से 7 पतली लेयर्स काट लीजिए। फिर इन सातों लेयर्स पर तेल और सूखा आटा लगाइए और एक के ऊपर एक रखते जाइए। सातों परतों को एक के ऊपर एक रख कर मोड़कर लोई बना लीजिए। इस लोई को हल्के हाथों से बेलें। धीरे धीरे से पराठे का आकार दे दीजिए। अब गैस पर तवा रखकर गर्म करें और उसपर बेला हुआ पराठा रखें। स्टेप 8- पराठे को एक तरफ सेंक लें, हल्का भूरा होने पर पलट कर घी लगा लें। तब तक दूसरी तरफ भी सेंक लें। स्टेप 9- दूसरी तरफ भी घी लगाकर अच्छी तरह सेंक कर गरम गरम पराठा सर्व करें।

## फेंगशुई के अनुसार रखें लाफिंग बुद्धा, खुलेगा तरक्की का हर रास्ता

लाफिंग बुद्धा को आप बाजार में कई रूपों में देख सकते है जैसे-हँसता हुआ,बैठा हुआ,दोनों हाथ ऊपर किए या कंधे पर धन की पोटली लिए आदि।आप कौनसे बुद्धा को किस जगह रखें जिससे आपको अपेक्षित लाभ प्राप्त हो सके। फेंगशुई शास्त्र के अनुसार लाफिंग बुद्धा हमारे घर में रखना शुभ माना जाता हैं। ऐसा माना जाता है कि लाफिंग बुद्धा हमारे घर में रखने से हमारे घर में हमेशा के लिए सुख शांति बनी रहती हैं वहीं घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बना रहता हैं। लाफिंग बुद्धा को घर में रखने से हमें सफलता की प्राप्ति होती हैं व हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत बनती हैं। माना जाता है कि घर में रखा हुआ लाफिंग बुद्धा घर-परिवार पर कोई विपत्ति नहीं आने देता है। लाफिंग बुद्धा को आप बाजार में कई रूपों में देख सकते है जैसे-हँसता हुआ,बैठा हुआ,दोनों हाथ ऊपर किए या कंधे पर धन की पोटली लिए आदि।



### पोटली लिए लाफिंग बुद्धा

जो लोग पैसा इकट्ठा नहीं कर पा रहे हैं उन्हें धन की पोटली लिए हुए लाफिंग बुद्धा की मूर्ति घर में रखनी चाहिए। इससे धन संबंधी कामों में लाभ मिल सकता हैं।लाफिंग बुद्धा को अपने घर में दक्षिण-पूर्व दिशा में रखें तो इस दिशा की सकारात्मक उर्जा बढ़ जाती है जो धन और सुख को अपनी ओर खींचती है। घर में रहने वालों की आमदनी बढ़ती है।

### दोनों हाथों में कमंडल लिए

यदि आपके कठोर परिश्रम के बाद भी कामों में सफलता नहीं मिल पा रही है तो दोनों हाथों में कमंडल लिए हुए लाफिंग बुद्धा की मूर्ति घर में रखनी चाहिए।आप इसे बच्चों के कमरे में भी रख सकते हैं।

### हंसते हुए लाफिंग बुद्धा

वास्तु में घर की पूर्व दिशा को परिवार के भाग्य और सुख शांति का स्थान कहा जाता है। आप अपने घर के सदस्यों के बीच आपसी प्रेम और तालमेल बढ़ाना चाहते हैं तो एक लाफिंग बुद्धा पूर्व दिशा में रखें जो अपने दोनों हाथों को उठाकर हंस रहे हों। इसके अलावा घर पर ध्यान लगाए हुए लाफिंग बुद्धा की मूर्ती भी रख सकते हैं, इसके प्रभाव से न केवल आपके जीवन में सुकून और शांति बरकरार रहेगी बल्कि घर का महौल भी काफी अच्छा रहेगा।

## कार्नर न्यूज

## तीन-चार पौधों से गार्डनिंग की शुरु

### पौष्टिक आहार की चाह ने दिया अवसर हरिद्वार की डॉ. अंशु बनी प्रेरणा

# इच्छाशक्ति ने बनाया अर्बन गार्डनर छत पर ही उगाए 20 तरह के फल

केमिकल फार्मिंग और जंक फूड के जमाने में पैरेंट्स के सामने एक बड़ी चुनौती है, अपने बच्चों को पौष्टिक आहार खिला पाना, हरिद्वार की रहने वाली डॉ. अंशु के सामने भी यही उलझन थी, जिसे उन्होंने अवसर में बदला, और आज ना सिर्फ वो गार्डनिंग करके अपनी बच्ची को ऑर्गेनिक फल-सब्जियां खिला रही हैं, बल्कि अपने जैसे कई पैरेंट्स की मदद भी कर रही हैं।




डॉ अंशु राठी पिछले दस सालों से अपने घर की 200 गज की जगह में ढेरों पौधे उगा रही हैं। उनके घर में करीबन 1000 पौधे हैं जिसमें से 200 गमलों में उन्होंने किस्म-किस्म की फल-सब्जियां उगाई हैं। अंशु ये सभी पौधे पुरे ऑर्गेनिक तरीके से उगाती हैं। पेशे से डेंटिस्ट अंशु का घर देखकर आपको लगेगा कि आप किसी अर्बन जंगल में आ गए हैं। डॉ. अंशु ने एक बार अमरुद के बागान में फलों को केमिकल के इंजेक्शन देते हुए देखा था। इससे उन्हें अपनी बेटी के भविष्य की चिंता हो गई। जिसके बाद केवल तीन-चार पौधों से गार्डनिंग की शुरु की। शुरआत आसान नहीं थी, उनके ढेरों पौधे पहले मर गर थे। लेकिन लगातार कोशिश से एक-दो साल में ही वो फल सब्जियां उगाने में माहिर हो गईं। आसान सब्जियों से शुरु करके उन्होंने बैगन, लीची, अमरुद, शिमला मिर्च सहित 20 फल और हर तरह की मौसमी फल-सब्जियों की नियमित रूप से उगाना चालू कर दिया। आज डॉ. अंशु खुश हैं कि अपनी बेटी को एक स्वस्थ जीवन देने में आख़िरकार सफल हो गई हैं। वो चाहती थीं कि उनकी ही तरह दूसरे लोग भी ऑर्गनिक गार्डनिंग से प्रेरित होकर अपने लिए ताज़ा सब्जियां उगाएं। अपने इंस्टाग्राम चैनल माई प्लांट्स माई गार्डन के ज़रिए यह काम कर भी रही हैं। अगर आप भी उनके छोटे-छोटे टिप्स से गार्डनिंग की शुरुआत करना चाहते हैं तो उन्हें उनके इंस्टाग्राम पर संपर्क कर सकते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'वेक अप डेड मैन' की शूटिंग शुरू रियान ने साझा की डेनियल की तस्वीर



डेनियल क्रेग की आगामी फिल्म 'वेक अप डेड मैन' की इन दिनों शूटिंग चल रही है। ये फिल्म 'नाइफ्स आउट' फ्रेंचाइजी की अगली किस्त है। दर्शकों को इसका बेसब्री से इंतजार है। दर्शकों का उत्सहाद बढ़ाते हुए निर्देशक रियान जॉनसन ने सेट से डेनियल क्रेग की एक तस्वीर साझा की है। डेनियल फिल्म में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। निर्देशक रियान जॉनसन ने 'वेक अप डेड मैन' के सेट से डेनियल क्रेग की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'और हम चल पड़े! आज बेनोइट ब्लैंक की अगली फिल्म 'वेक अप डेड मैन' की शूटिंग का पहला दिन है। मिलते हैं दूसरी तरफ।' हाल ही में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है। ऐसे में मेकर्स ने डेनियल की तस्वीर साझा करते हुए दर्शकों को उत्साहित कर दिया है। लेखक और निर्देशक जॉनसन की स्टार-थ्रीक्वल में डेनियल क्रेग दक्षिणी जासूस बेनोइट ब्लैंक के रूप में अपनी वापसी करेंगे। इसमें जोश ओकोनोर, कैली स्पैनी, एंड्रयू स्कॉट, केरी वाशिंगटन, जेरेमी रेनर, मिला कुनिस, डेरिल मैककॉर्मैक और जोश ब्रोलिन जैसे तमाम सितारे भी शामिल होंगे।

### टॉलीवुड

## सिनेमाघरों के बाहर उमड़े प्रभास के प्रशंसक, वीडियो वायरल



'कल्कि 2898 एडी' को लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर जारी किया गया है। फैंस के लिए कुछ सिनेमाघरों में भी फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था। हाल ही में सिनेमाघरों के बाहर बड़ी संख्या में प्रभास के फैंस नजर आए। सोशल मीडिया पर इससे जुड़े कई वीडियोज और फोटोज वायरल हो रहे हैं। कल्कि 2898 एडी का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया गया है। निर्माताओं ने सोमवार (10 जून) को इसे तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिलीज कर दिया। फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस फिल्म के ट्रेलर में प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पटानी जैसे सितारों द्वारा निभाए गए किरदारों से लोगों को रूबरू कराया गया है। ट्रेलर को देखने के बाद एक बात तो साफ हो गई है कि इसमें महाभारत और भविष्य की दुनिया को जोड़कर पर्दे पर उतारने की कोशिश की गई है। फिल्म को सोशल मीडिया पर जबर्दस्त प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक्स पर कल्कि 2898 एडी हैशटैग जमकर ट्रेंड हो रहा है। वहीं, अब सोशल मीडिया पर कई वीडियोज और फोटोज भी सामने आए हैं, जिसमें सिनेमाघरों के प्रभास के फैंस की भीड़ नजर आ रही है। वायरल हो रहे क्लिप में बड़ी संख्या में प्रशंसकों को एक मूवी थिएटर के बाहर इकट्ठा होते देखा जा सकता है, जो एक साथ चिल्लाकर अपना उत्साह व्यक्त कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि बहुप्रतीक्षित ट्रेलर देश भर के कुछ चुनिंदा प्रशंसकों के लिए जारी किया गया था, जिससे उत्सुक दर्शकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस ट्रेलर को देखने के बाद फिल्म को लेकर लोगों में उत्सुकता काफी ज्यादा बढ़ गई है। माना जा रहा है कि इसमें दर्शकों को शानदार वीएफएक्स वाले दृश्य देखने को मिलेंगे। फिल्म को 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने की मेकर्स की तैयारी है।

### भोजपुरी

## घर-मकान ही नहीं, बेटों ने कर दिया 'मां बाप का बंटवारा'



नई भोजपुरी फिल्म 'मां बाप का बंटवारा' का ट्रेलर देखने के बाद हर किसी को इसकी रिलीज का इंतजार है। शुभी शर्मा और गुंजन पंथ सहित तमाम सितारों से सजी इस फिल्म में मां-बाप की दर्दभरी कहानी दिखाई गई है, जिन्हें उनके दोनों बेटे आपस में बांट देते हैं। फिर जो होता है, उसे देखने के लिए कलेजा चाहिए। नई भोजपुरी फिल्म 'मां बाप का बटवारा' का ट्रेलर दो दिन पहले रिलीज हुआ था। 4 मिनट 23 सेकेंड का वीडियो यूट्यूब पर वायरल हो रहा है और इसे देखकर हर किसी की आंखों में आंसू आ गए हैं। अब तक आपने घर-मकान और जायदाद का बटवारा होते हुए देखा होगा, लेकिन इश्तियाक शेख बंटी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में तो बेटों ने मां-बाप का भी बंटवारा कर दिया, वो भी उसी घर में, जहां बूढ़े मां-बाप ने अपने दोनों बच्चों को नाजों से पाला था। भोजपुरी फिल्म में शुभी शर्मा, गुंजन पंथ, शैलेशा मिश्रा, प्रेम दुबे, रीना सिंह, अमित शुक्ला, अया खान, प्रशांत सिंह, अनु ओझा नजर आए हैं। कांसेप्ट संदीप सिंह और विशाल यादव का है। स्क्रिप्ट राइटर और डायलॉग सत्येंद्र सिंह ने लिखे हैं। म्यूजिक साजन मिश्रा का है और गीतकार प्यारे लाल यादव हैं।

"राल्फ लॉरेन स्प्रिंग/समर 2024 रनवे शो में दुनिया की मशहूर मॉडल्स ने अपना जलवा बिखेरा। कैरोलिना हेरेरा (बीच में), पिटी नीश (बाएं) और जेसन वू (दाएं) के लिए रनवे पर चलना दर्शकों को लिए उत्साहजनक रहा। फूलों की बहार से सजी इनकी डिजाइन को खूब पसंद किया गया।

न्यूयार्क का जादू



लाइफ स्टाइल



## लिप पिगमेंटेशन दूर करने के अपनाएं आसान तरीका

लिप्स केयर करना भी जरूरी होता है इससे आपके चेहरे की रंगत बढ़ जाती है। चेहरे पर अक्सर पिगमेंटेशन की समस्या नजर आती है। इसके लिए हम अलग-अलग प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, साथ ही ट्रीटमेंट करवाते हैं ताकि स्किन हेल्दी रहे और हाइड्रेट रहे। ऐसी ही पिगमेंटेशन की समस्या होंठों पर भी नजर आती है, जिससे स्किन और ज्यादा डल नजर लगने लगती है। लिप्स पर डार्कनेस आ जाती है जिसकी वजह से आप किसी भी चीज का इस्तेमाल करती हैं तो वो डार्क ही नजर आते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप एक्सपर्ट टिप्स लें। डॉक्टर मानसी ने कुछ ऐसे ही तरीके अपने इंस्टाग्राम वीडियो में शेयर किए, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे आप अपनी लिप पिगमेंटेशन की समस्या को दूर कर सकती हैं, चलिए जानते हैं इनके तरीकों के बारे में।

### हाइड्रेटेड लिप बाम का इस्तेमाल करें

अगर लिप्स पर पिगमेंटेशन होने लगी है तो ऐसे में जरूरी है कि आप हाइड्रेटेड लिप बाम का इस्तेमाल करें। इसके आप बाजार में मिलने वाले लिप बाम का इस्तेमाल कर सकती हैं जिसमें एलोवेरा जेल, ग्लिसरीन या फिर रोज वाटर का इस्तेमाल किया गया है। इससे आपके लिप्स हाइड्रेट रहते हैं। आप चाहे तो कोको बटर के साथ इसे घर पर तैयार कर सकती हैं। इससे आपके होंठ हाइड्रेट रहते हैं।



### ग्लॉसी लिप कलर का करें इस्तेमाल

आजकल बाजार में काफी सारे नेचुरल इंग्रीडिएंट से बने लिप कलर मिलते हैं। आप इसका इस्तेमाल कर (एलोवेरा जेल का इस्तेमाल) सकती हैं। ये लिप स्किन को डार्क नहीं करते हैं। इसे लगाने से पहले आप अच्छे से क्लीन करें इसके बाद इसे अप्लाई करें, ताकि डस्ट साफ हो जाए फिर ये लगे। इससे आपकी पिगमेंटेशन की समस्या कम हो जाएगी। साथ ही होंठ सॉफ्ट रहेंगे।

### होममेड तरीकों का करें इस्तेमाल

आप लिप्स को हेल्दी रखने के लिए होममेड तरीकों को ट्राई कर सकती हैं। जैसे- ग्लिसरीन, खीरा, टमाटर और एलोवेरा जेल (ग्लोइंग स्किन केयर) इससे होंठ पिंक नजर आते हैं और सॉफ्ट पिंक लगते हैं। आपको इसे जरूर ट्राई करना चाहिए।

### इन बातों का रखें ध्यान

लिप्स पर किसी भी तरह की चीजों को बिना डॉक्टर की सलाह के अप्लाई न करें।स्मोकिंग करना कम करें इससे भी पिगमेंटेशन बढ़ता है।बिना डॉक्टर की सलाह के टेबलेट न खाएं।इंजेक्शन वाला ट्रीटमेंट न लें इससे लिप्स को नुकसान पहुंच सकता है।इन तरीकों का ध्यान रखेंगी तो लिप पिगमेंटेशन की समस्या कम हो जाएगी। होंठ गुलाबी लगेंगे।

## माहौल शादी का हो या पार्टी का नेट साड़ी के ये डिजाइंस रहेंगे बेस्ट

फैशन



साड़ी पहनना एवरग्रीन फैशन ट्रेंड में रहती है। इसके लेटेस्ट डिजाइंस और स्टाइलिंग आपको रोजाना इन्टरनेट के जरिये देखने को मिल ही जाती है। आजकल हम कई बार सेलिब्रिटीज के लुक्स से काफी इंस्पायर हो जाते हैं और इन्हें री-क्रिएट भी करते हैं। वहीं लेटेस्ट ट्रेंड की बात करें तो आजकल नेट फैब्रिक से बनी साड़ी को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं नेट फैब्रिक से बनी साड़ी के लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान स्टाइलिंग टिप्स।

### फ्लोरल डिजाइन साड़ी

फ्लोरल डिजाइन में सेल्फ वर्क देखने में काफी क्लासी लुक देने में सहायता करता है। यह डिजाइनर साड़ी सीमा गुजराल डिजाइनर द्वारा डिजाइन की गई है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको लगभग 3500 रुपये में आसानी से मिल जाएगी।

### पर्ल डिजाइन साड़ी




सटल कलर कॉम्बिनेशन के साथ पर्ल वर्क काफी एलिगेंट लुक देने में सहायता करता है। वहीं इस तरीके के डिजाइन की साड़ी आपको मार्केट में लगभग 4000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस स्टाइलिश साड़ी को डिजाइनर मोनीषा जयसिंह द्वारा डिजाइन किया गया है।

### ब्लैक साड़ी डिजाइन

ब्लैक कलर अपने आप में ही काफी क्लासी लुक देने में मदद करता है। इस तरीके के की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 3500 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस तरीके की चिकनकारी स्टाइल साड़ी डिजाइनर रितिका मीरचंदानी द्वारा डिजाइन की गई है।

## गोल चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे नथ के नए डिजाइंस



ट्रेडिशनल लुक में चार चांद लगाने के लिए हम इसकी स्टाइलिंग के लिए कई चीजों का इस्तेमाल करते हैं। वहीं इसके लिए सबसे ज्यादा हम मैचिंग ज्वेलरी को चुनना पसंद करते हैं, लेकिन इसके लिए केवल आउटफिट के कलर कॉम्बिनेशन का ही ख्याल रखना जरूरी नहीं होता है बल्कि आपको अपने चेहरे और शरीर के आकार के हिसाब से सभी चीजों को बैलेंस करना भी जरूरी होता है। बात अगर नथ चुनने की करें तो वैसे आपको मार्केट में कई डिजाइंस आसानी से दिखाई दे जाएंगे, लेकिन अगर हम गोल चेहरे की बात करें तो इसके लिए हम कई बार सही तरह से डिजाइन नहीं चुन पाते हैं जिसके कारण हमारा पूरा लुक बिगड़ सकता है। चलिए आज हम आपको दिखाते हैं गोल चेहरे के लिए नथ के कुछ खास डिजाइंस-

**नग वाली नथ डिजाइन**

नग में आपको कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। वहीं इस तरह की नथ को बिना चैन के भी आसानी से पहना जा सकता है। इस तरह की नथ आप सलवार-सूट से लेकर इंडो-वेस्टर्न लुक के साथ भी ट्राई कर सकती हैं। बता दें कि इस तरह की नथ कई साल पहले एक्ट्रेस सोनम कपूर ने रेड कारपेट के लिए स्टाइल की थी। इस तरह के लुक के साथ बालों के लिए ओपन हेयर स्टाइल को चुनें।

**फ्लोरल नथ डिजाइन**


फूलों वाले डिजाइन की बड़े साइज वाली नथ गोल चेहरे को काफी रॉयल और एलिगेंट लुक देने में मदद करेगी। इस तरह की नथ के साथ आप चाहे तो स्टेटमेंट नेकलेस को स्टाइल कर सकती हैं और इयररिंग्स को अवॉयड भी कर सकती हैं। ज्यादातर इसे अनारकली स्टाइल या कलीदार आउटफिट के साथ पहना जाता है।

## उम्र से पहले आ रही आंखों के नीचे की सूजन हटाने इस्तेमाल करें पुदीने वाले टी बैग

हमारे खराब लाइफस्टाइल का असर ना सिर्फ हेल्थ पर होता है बल्कि लुक पर भी होता है। बढ़ते स्क्रीन टाइम, नींद की कमी और तनाव का असर आंखों की खूबसूरती को प्रभावित करता है। उम्र के पहले ही कुछ लोगों के आंखों के नीचे की स्किन फूली हुई रहती है। इसे मेडिकल भाषा में हम आई बैग्स के नाम से जानते हैं। कई बार बैग्स के साथ कालापन भी बढ़ जाता है, ये आपके चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ने का काम करती है। अगर आप भी बैगी आईज की समस्या से परेशान है तो आप इसे दूर करने के लिए कुछ आसान उपाय आजमा सकती हैं।

**मिंट टी बैग से दूर होगी बैगी आईज की समस्या ?**

किसी भी रसायन से बचने के लिए नेचुरल मेथड फॉलो करना



बेहतर होता है। एक्सपर्ट के मुताबिक बैगी आंखों को ठीक करने के लिए टी बैग्स का इस्तेमाल किया जा सकता है। हमारे पास टी बैग्स की एक लंबी चौड़ी लिस्ट है, लेकिन बड़ा सवाल ये है कि कौन सा टी बैग इस्तेमाल करना सही होगा? ब्लैक, वाइट और ग्रीन टी एंटीऑक्सिडेंट का एक अच्छा स्त्रोत है जो आंखों की समस्याओं का इलाज करने में मदद कर सकती है, लेकिन मिंट टी, बैगी आंखों के लिए ज्यादा फायदेमंद है।

बैगी आंखों से राहत दिलाने में कैसे मदद करते हैं मिंट टी बैग्स ?

मिंट टी फ्लेवोनोइड्स और टैनिन नाम के एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है जिनमें सूजन-रोधी गुण होते हैं। वहीं कैफीन सेंसिटिव टिशू के अंदर रक्त वाहिकाओं को संकुचित करता है जो बदले में आपकी आंखों (आखों की सूजन कम करने के टिप्स) के आसपास की सूजन को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा, ये आंखों के आसपास की त्वचा को मजबूत बनाए रखने में मदद करती है। मिंट टी में पाया जाने वाला टैनिन आपकी पलकों के आसपास और त्वचा के साथ इंटरैक्ट करता है, जिससे आपकी आंखों के नीचे की सूजन और दर्द को कम करने में मदद मिलती है।

कार्नर न्यूज

**घर में ऐसे कई उपाय हैं, जिन्हें अपना कर आप अपने बालों को बना सकती हैं स्टाइलिश**

## बालों को स्ट्रेट करने अब जरूरी नहीं हीटिंग टूल्स, अपनाएं ये उपाय

क्या आपके बाल घुंघराले हैं? इसलिए आपको अपने बाल नहीं पसंद। ज्यादातर लोग बालों को सीधा करने के लिए हेयर ट्रीटमेंट जैसे स्ट्रेटनिंग और स्मूदनिंग करवाते हैं, लेकिन ये ट्रीटमेंट लंबे समय तक नहीं चलते हैं। साथ ही, बालों को डैमेज कर देते हैं। इसके कारण कई बार बाल झड़ने और टूटने लगते हैं। बाजार में हींट टूल्स मिलते हैं, जिनकी मदद से भी बाल सीधे हो जाते हैं। इन प्रोडक्ट्स में आर्टिफिशियल हीट होती है, जिससे बाल खराब हो जाते हैं। सोचिए अगर आपके पास हेयर स्ट्रेटनर न हो, तो आप क्या करेंगी? कई तरीके हैं, जिनकी मदद से आप बालों को सीधा कर सकती हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको बिना हीटिंग टूल्स के बालों को स्ट्रेट करने के साथ-साथ हेयर केयर टिप्स भी बताएंगे।



### बालों में चावल का पानी लगाने के फायदे

बालों को स्ट्रेट करने के लिए आप चावल के पानी का इस्तेमाल किया जा सकता है। चावल के पानी में विटामिन ए, सी, ई, फ्लेवोनोइड्स और फेनोलिक कंपाउंड पाए जाते हैं। ये सभी तत्व बालों को टेक्सचर को बेहतर बनाने का काम करते हैं। कोरियन स्किन और हेयर केयर में चावल का पानी एक अहम हिस्सा है। चावल के पानी के उपयोग से बाल शाइनी, स्ट्रेट और लंबे होने लगते हैं। सबसे पहले चावल को पानी से अच्छे से धो लें, ताकि धूल-गदंगी साफ हो जाए। अब चावल में साफ पानी डालें और भीगने के लिए छोड़ दें। करीब 1-2 घंटे बाद चावल के पानी को छलनी से छानकर एक स्प्रे बोतल में भर लें।

### एलोवेरा से बाल सीधे कैसे करें?

क्या आपके बाल घुंघराले हैं। इन्हें स्ट्रेट करने के लिए आप हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन ये प्रोडक्ट्स बालों को फायदा कम नुकसान ज्यादा पहुंचाते हैं। बालों को सीधा करने के लिए आप एलोवेरा जले का इस्तेमाल कर सकती हैं। एक बाउल में 2 चम्मच एलोवेरा जेल में 1 चम्मच कैस्टर ऑयल, 2 चम्मच शहद, नींबू की कुछ बूंदें डालें। अब इन्हें अच्छे से मिक्स कर लें। इस पेस्ट का इस्तेमाल बालों को सीधा करने के लिए कर सकती हैं। एक साथ ब्रश से बालों की लंबाई में इस पेस्ट को लगा लें। जब पेस्ट सूख जाए, तब बालों को शैंपू से धो लें। एलोवेरा जेल से बने इस पेस्ट का उपयोग करने से बालों को फायदा होगा।

### बालों में तेल क्यों लगाना चाहिए

बालों में तेल लगाने से यह मजबूत से लेकर लंबे होते हैं। इसलिए कहा जाता है कि बालों को हेल्दी रखने के लिए तेल लगाना चाहिए। सीधे बालों के लिए भी तेल फायदेमंद होता है। इसके लिए जैतून से लेकर नारियल के तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। नहाने से पहले बालों में अच्छे से तेल लगा लें। हर वॉश से पहले बालों में तेल लगाने से बाल सीधे हो सकते हैं।

### बालों की देखभाल कैसे करें?

*आपको बालों को अच्छे से वॉश करना चाहिए। हफ्ते में कम से कम 2-3 बार बालों को जरूर धोएं। इस बात का ध्यान रखें कि बालों के टेक्सचर अनुसार हेयर वॉश करना चाहिए। बालों पर केमिकल ट्रीटमेंट न करवाएं। इसमें हेयर कलरिंग से लेकर स्ट्रेटनिंग शामिल हैं। ये ट्रीटमेंट बालों को नुकसान पहुंचाते हैं। बालों में हेयर मास्क का इस्तेमाल करें।*

## खबर संक्षेप



### राटाकाट में पौधारोपण

**आरंग।** ग्राम राटाकाट के अमृत सरोवर तालाब में हरित क्रांति के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सरपंच जयनारायण दुबे, महिलाएं व ग्रामीणों ने रोपित पौधो की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस दौरान महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री साय आज ओडिशा जाएंगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को ओडिशा में नए मुख्यमंत्री मोहन मांझी के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने भुवनेश्वर जाएंगे। मुख्यमंत्री निवास से जारी कार्यक्रम में बताया गया है कि रायपुर विमानतल से सुबह 10.20 बजे प्रस्थान कर 11.20 बजे भुवनेश्वर के बीजू पटनायक एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

## निधन

### छबीराम साहू



**आरंग।** ग्राम बनरसी निवासी 83 वर्षीय छबीराम साहू का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन एवं ग्रामीण शामिल हुए। वे लक्ष्मी साहू के पति व धनेश साहू के पिता थे।

## चोरी : एसआर एजेंसी में हुई चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए चार चोर

# मेन रोड की दुकान में चोरों का धावा, हजारों का सामान ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा




मेनरोड में स्थित एक दुकान एसआर एजेंसी में बीती रात चोरों ने धावा बोलकर हजारों के सामान की चोरी कर ली है। आसपास लगे सीसीटीवी में चोर कैद हो गए हैं। नगर में हो रही लगातार चोरी से लोगों में दहशत व्याप्त है। पुलिस को चोरों को पकड़ने में सफलता नहीं मिल रही है, जिससे चोरों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, तिल्दा राज टाकीज के पास मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे स्थित एसआर एजेंसी में सोमवार की रात चोरों ने धावा बोला। दुकान से नकद सहित हजारों का सामान लेकर फरार हो गए हैं।

आसपास के रहवासियों ने बताया की दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखने से पता चला है कि चोर चार लोग थे। घटना के समय दो लोग दुकान के अंदर थे और दो बाहर खड़े होकर रखवाली कर रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक दुकान के मालिक ने थाना नेवरा में मामला दर्ज करवाया है।

### चालू मार्ग में चोरी

*तिल्दा- खरोरा राज्य मार्ग है पर परंतु यह मार्ग नेशनल हाईवे से कोई कम नहीं है। इस मार्ग पर रात हो या दिन हर समय लोगों का आना जाना लग रहता है। साथ मेनरोड होने के कारण चारों ओर लाइट लगी है। इसके बावजूद चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।*

### चोर चुस्त, पुलिस सुस्त

*नगर में मेनरोड और रात को लाइट से चकाचौंध इलाकों में स्थित दुकानों में चोरी, चोरों के हौसले बताती है। ऐसा लगता है कि नगर में चोर काफी चुस्त और पुलिस सुस्त है, जिसके कारण उनके हौसले काफी बुलंद हैं। नगर में चोरी के मामलों को हल नहीं हो पाने पर पुलिस की कार्यप्रणाली किस प्रकार की है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।*

### लगातार चोरियों से दहशत

*नगर में चोरी की बढ़ती घटनाओं से लोगों में दहशत व्याप्त है। लोगों का कहना है कि दिन के उजले जैसी जगहों पर स्थित दुकान में चोरी, चोरों के हौसलों का बताती है। इसका प्रमुख कारण पुलिस की सुस्ती ही है, क्योंकि वह उनको पकड़ नहीं पा रही है। चोरी के मामलों को दर्ज कर लगता है पुलिस भूल जाती है, जिससे वारदातें बढ़ती जा रहीं हैं।*

## भीषण गर्मी को देखते हुए एफएलएन प्रशिक्षण स्थगित करने की उठी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन व शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन
- चार दिनों तक दिया जाना है आफलाइन प्रशिक्षण

छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक माणिक लाल मिश्रा, टीचर्स एसोसिएशन आरंग के ब्लॉक अध्यक्ष हरीश दीवान, छत्तीसगढ शिक्षक संघ संभागीय सचिव ओंकार प्रसाद वर्मा ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी एन.पी. कुर्रे एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एम.एन. वर्मा को ज्ञापन सौंपकर भीषण गर्मी को देखते हुए 12 जून से प्रारंभ होने वाले 4 दिवसीय एफएलएन ऑफलाइन प्रशिक्षण को स्थगित करने की मांग की है। संयोजक माणिक लाल मिश्रा ने बताया कि शिक्षकों ने निर्वाचन कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान कुशलतापूर्वक दिया है। प्रत्येक मिलने वाले कार्य को जिम्मेदारी के साथ बखूबी निभाते आ रहे हैं। पूरे प्रदेश में अत्यधिक तापमान के कारण लू का कहर व्याप्त है। ऐसे में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षक प्रशिक्षण की तिथि को आगे बढ़ाया जाए। इस आदेश से शिक्षकों में रोष व्याप्त है।

फेडरेशन के संयोजक माणिक लाल मिश्रा, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश दीवान, कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल मांझी, सदस्यगण अनिल चतुर्वेदी, पोखन साहू, सुरेंद्र चंद्रसेन, हरेंद्र साहू, युगेश साहू, भरथरी वर्मा आदि ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित आरंग, चंदखुरी, समोदा में 12 जून से होने वाली शिक्षक प्रशिक्षण को स्थगित करने की मांग की है।

## चिकित्सा छात्रों ने मांगा तीन साल का अध्ययन अवकाश

**रायपुर।** चिकित्सा छात्रों ने अध्ययन अवकाश दो के बजाए तीन साल करने की मांग की है। चिकित्सा शिक्षा संचालक को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि पीजी और अन्य सुपर स्पेशलिटी कोर्स तीन साल का होता है, जबिक अध्ययन अवकाश दो साल का स्वीकृत किया जाता है। ऐसे विद्यार्थियों को स्टायपेंड का प्रावधान भी नहीं किया जाता है। इसके साथ ही यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने अपने अन्य ज्ञापन में पीजी प्रवेश के लिए डोमीसाइल नीति को कड़ाई से लागू कर दूसरे राज्यों के एमबीबीएस छात्रों को राज्य के मेडिकल कालेजों में प्रवेश नहीं देने की मांग की है।

## अभी प्रदेश संगठन में किसी तरह से बड़े फेरबदल के आसार नहीं

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के पहले प्रदेश में मंडल स्तर से प्रारंभ होगी चुनावी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लोकसभा का चुनाव निपटने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से लेकर राज्यों के संगठनों में चुनाव होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। वैसे भी उनको मोदी कैबिनेट में लिया गया है। उनके स्थान पर फिलहाल तो किसी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके बाद स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे। छत्तीसगढ़ में भी मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया पूरी करके प्रदेश संगठन के चुनाव कराए जाएंगे। ऐसे में फिलहाल प्रदेश संगठन में कसी तरह का अभी बदलाव होने की संभावना नहीं है।

बीते साल छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के डिप्टी सीएम बनने के बाद उनके स्थान पर प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा विधायक किरण देव को दिया गया। इसी के साथ प्रदेश संगठन के तीनों महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा के चुनाव जीतने के कारण उनके स्थान पर नए महामंत्री बनाए गए। किरण देव की कार्यकारिणी में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद आगे कार्यकारिणी में बदलाव की बात की गई थी। लेकिन फिलहाल किसी तरह के बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं, क्योंकि अब भाजपा के नए राष्ट्रीय का चुनाव होना है। इस चुनाव के तय होने के साथ ही सभी राज्यों में भी चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### मंडल स्तर से होंगे चुनाव

राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले प्रदेश संगठन में मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद जिला अध्यक्षों के चुनाव होंगे। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष तय होगा। संभावना यही है कि भाजपा का राष्ट्रीय संगठन किरण देव को ही अध्यक्ष बनाए रखेगा, क्योंकि उनको अध्यक्ष बने ज्यादा समय नहीं हुआ है। जिलाध्यक्षों में कुछ बदलाव जरूर होंगे। इसी के साथ प्रदेश स्तर पर जरूर कार्यकारिणी में कुछ बदलाव होंगे। छत्तीसगढ़ के साथ सभी राज्यों में चुनाव की पूरी प्रक्रिया होने के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

# दिल्ली से लौटे बृजमोहन कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पीएम मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होने के बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल नई दिल्ली से रायपुर लौट आए। उन्होंने कहा, जिस दिन पार्टी का निर्देश होगा उस दिन विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा। दिल्ली से लौटने पर एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं और ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया।
महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने भी उनकी आरती उतारी। बृजमोहन अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा, मैं रायपुर की जनता और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद और बधाई देता हूं। संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने मंत्री नहीं बनाए जाने के सवाल पर कहा, मैं शुरू से कहता रहा हूं कि पद और प्रतिष्ठा आने जाने वाली चीज है, परंतु जो कार्यकर्ता और जनता का प्यार और आशीर्वाद है, वह परमानेंट है। जिस दिन पार्टी का निर्देश होगा उस दिन विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा।

## केंद्र ने भेजे 4,761 करोड़ रुपए, किरण देव बोले- मोदी का छत्तीसगढ़ से अटूट नाता

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ को वर्ष 2024-2025 से संबधित 4761.30 करोड़ रुपए की संपूर्ण राशि हस्तांतरित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति पूरे छत्तीसगढ़ की ओर से आभार व्यक्त किया है। श्री देव ने कहा, केंद्र से प्राप्त यह राशि छत्तीसगढ़ के विकास और जनकल्याण के भाजपा के संकल्प की पूर्ति के प्रयासों को गति प्रदान करेगी। श्री देव ने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी सदैव छत्तीसगढ़ के प्रति अपने आत्मीय जुड़ाव का परिचय देते रहे हैं। इससे पहले श्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में लगभग 4 लाख करोड़ रुपए की राशि छत्तीसगढ़ को केंद्र की ओर से प्रदान की है। श्री देव ने कहा, प्रदेश की भाजपा सरकार तेजी के साथ अपने संकल्पों और मोदी की गारंटी पर काम करके अभूतपूर्व जन विश्वास अर्जित किया है। जनता का अब केवल भाजपा और प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास का रिश्ता जो कायम हुआ है, वह छत्तीसगढ़ को नित नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगा।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/...../अ-6(अ)/2024
ग्राम माना प.ह.नं. 80
तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर दिनांक 02/06/2024

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लखनू पिता स्व. ईतवारी निवासी माना बस्ती रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम माना पटवारी हल्का नंबर 80 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1015/5 रकबा 0.279 हे. भूमि आवेदक के आधिपत्य एवं स्वामित्व कि भूमि है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का नक्शा सुधार किये जाने हेतु संहिता धारा 107(5) के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 18/06/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**शपथ पत्र**

मैं विजय कुमार कुर्म उम्र 68 वर्ष पिता श्री बाबूलाल कुर्म निवासी म.नं. 54/431, शिक्षक कालोनी, उपाध्याय स्कूल डंगनिया रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं:-

1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है जो सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरे पूर्व के कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम विजय कुर्म दर्ज था तथा मेरे कुछ दस्तावेजों में विजय कुमार कुर्म दर्ज है।
3. यह कि इस प्रकार विजय कुर्म एवं विजय कुमार कुर्म दोनों नाम एक ही व्यक्ति के नाम है अर्थात मेरे स्वयं के ही है। उक्त दोनों नामों के संबंध में भविष्य में किसी प्रकार के वाद विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी।

यह कि उपरोक्त कथन के समर्थन में यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करता हूं।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से लेकर 04 की बातें सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. में अपने हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

**शपथकर्ता**
रायपुर छ.ग.

**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्व साधारण को विदित हो कि मेरा पूर्व नाम ISHNEET KAUR रहा है तथा मेरे इसी नाम से दिनांक 30/04/2012 को भारत गणराज्य द्वारा पासपोर्ट जारी किया गया है. मेरा पासपोर्ट क्रमांक-J8944227 है। चूँकि अब मै अपने नये नाम ISHNEET KAUR SIBBAL के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती हूँ तथा मेरा यही नाम ISHNEET KAUR SIBBAL मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं अन्य दस्तावेजो मे अंकित है, इसलिए अब मेरे पासपोर्ट के साथ-साथ अन्य सभी शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजो मे मेरा यही नाम ISHNEET KAUR SIBBAL अंकित कर मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना, पढा एवं समझा जावे।

**ISHNEET KAUR SIBBAL**
**पता- हाउस नंबर-303/33, श्याम नगर, गुरूद्वारा रोड, रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 9916099351**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./ब-121/2023-24
रायपुर, दिनांक 10/06/2024
ग्राम डोमा, प.ह.नं. 84

**// ईश्तहार/ ज्ञापन //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती लोकेश्वरी सेन पति स्व. जयप्रकाश सेन निवासी डाली किराना स्टोर्स के सामने छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया हैं किं ग्राम डोमा, प.ह.नं. 84, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 213/110 रकबा 0.0200 हे. भूमि आवेदिका के हक वो भूमिस्वामी हक की भूमि है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्राप्त करना चाहता है। अतः आवेदिका द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 24/06/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा, तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग.**

**:: ईश्तहार ::**

रा.प्र.क्र. / /अ-6अ/वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश साहू पिता चैतराम साहू कास्तकार ग्राम रानीसागर तहसील आरंग जिला रायपुर के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरंग के समक्ष आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है कि मौजा ग्राम रानीसागर पटवारी हल्का नम्बर 18 रा.नि.म. समोदा तहसील आरंग जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 788 रकबा 1.35 हे. भूमि आवेदक राजेश साहू पिता चैतराम साहू के नाम पर भूराजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वर्णित नया खसरा नंबर 788 रकबा 1.35 हे. भूमि वर्तमान में दर्ज है। जिसका पुराना खसरा नंबर 241 / 15 रकबा 1.821 हे. भूमि राजस्व अभीलेख में दर्ज था। जिससे बंदोबस्त के दौरान रकबा 0.47 हे. भूमि त्रुटिवश आवेदक के नाम पर दर्ज नहीं हो पाया है तथा उक्त वर्णित खसरा नंबर 788 रकबा 1.35 हे भूमि के नक्शा में भी त्रुटि हुई है। उक्त वर्णित भूमि को पूर्व में विश्वजीत द्वारा शासन से 5200/- रू. में 1974-75 में नीलाम में खरीदकर दाखिल काबिज थे। अतः जिस कारण से उक्त भूमि शासकीय पट्टेदार को विलोपित कर नक्शा एवं रकबा का त्रुटि सुधार कर भूमिस्वामी शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो कंडिकावार जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 19/06/2024 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/06/2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक - 10/06/2024
पेशी दिनांक - 19/06/2024

मुहर — **नायब तहसीलदार समोदा**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ......./ब- 121 वर्ष 2023-24
ग्राम परसदा प.ह.नं. 05

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण विधानदीप मिश्रा पिता स्व. बसंत कुमार मिश्रा, सच्चिदानंद मिश्रा पिता स्व. रामनारायण मिश्रा दोनो निवासी ग्राम परसदा द्वारा ग्राम परसदा प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा स्थित भूमि ख.नं. 818 व 816 का टु. रकबा 0.10 हे. भूमि को पूर्वजो के समय से गोर्रा बनाकर लगभग 85 वर्षो से निस्तार हेतु उपयोग करते चले आ रहे है। ग्राम पंचायत परसदा मे ग्राम सभा बैठक दिनांक 22.08.2023 एवं प्रस्ताव क्रं. 15 मे श्री विधान दीप मिश्रा पिता स्व. श्री बसंत कुमार मिश्रा निवासी परसदा द्वारा ग्राम परसदा प.ह.नं. 05 मे स्थित भूमि खसरा नंबर 818 व 816 रकबा 0.10 हे. को अपने पूर्वजो के समय से लगभग 85 वर्षो से निस्तार हेतु उपयोग करना बताकर इस भूमि को आबादी घोषित करवाने हेतु मांग किया गया है। उक्त संबंध मे ग्राम सभा बैठक मे उपस्थित सदस्यो द्वारा चर्चा उपरांत उक्त भूमि को आबादी घोषित कराने का सर्व सम्मति से प्रस्ताव तय किया गया। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को आबादी घोषित किये जाने हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष पेश किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था /समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 13/06/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 30/05/2024 को जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ......./ब- 121 वर्ष 2023-24
ग्राम परसदा प.ह.नं. 05

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विधानदीप मिश्रा पिता स्व. बसंत कुमार मिश्रा निवासी ग्राम परसदा द्वारा ग्राम परसदा प.ह.नं. 05 रा.नि. मं. खोरपा उप तहसील खोरपा स्थित भूमि ख.नं. 821 रकबा 0.10 हे. भूमि को पूर्वजो के समय से निस्तार हेतु लगभग 85 वर्षो से उपयोग करते चले आ रहे है। ग्राम पंचायत परसदा मे ग्राम सभा बैठक दिनांक 22.08.2023 एवं प्रस्ताव क्रं. 16 मे श्री विधान दीप मिश्रा पिता स्व. श्री बसंत कुमार मिश्रा निवासी परसदा द्वारा ग्राम परसदा प.ह.नं. 05 मे स्थित भूमि खसरा नंबर 821 रकबा 0.10 हे. को अपने पूर्वजो के समय से लगभग 85 वर्षो से निस्तार हेतु उपयोग करना बताकर इस भूमि को आबादी घोषित करवाने हेतु मांग किया गया है। उक्त संबंध मे ग्राम सभा बैठक मे उपस्थित सदस्यो द्वारा चर्चा उपरांत उक्त भूमि को आबादी घोषित कराने का सर्व सम्मति से प्रस्ताव तय किया गया। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को आबादी घोषित किये जाने हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय रायपुर के समक्ष पेश किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था /समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 13/06/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 30/05/2024 को जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द) तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 29/05/2024**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोविन्द चक्रधारी पिता स्व. श्री छेदीलाल निवासी मोतीनगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 87/2 रकबा क्रमशः 0.203 हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.203 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 26/04/2024 के परिपालन में दिनांक 18/06/2024 को समय अपरान्ह 3 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 71 के बोरियाखुर्द स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3323 दिनांक 27.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर सेक्टर - 29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- **एल.आई.जी. फ्लैट, भू-तल-22/005, श्री लोकेश ठक्कर पिता श्री चुन्नीलाल ठक्कर, के नाम स्व-वित्तीय** आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक **30.03.2017** को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री लोकेश ठक्कर पिता श्री चुन्नीलाल ठक्कर, निवासी:- विशाल कालोनी बिरगांव उरला रोड रायपुर, अडवानी विद्यालय के पास, बिरगांव रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री उपेन्द्र यादव पिता श्री राजगोविन्द राय, निवासी- मुरवार सिवान, बिहार, पिन नं. 841406, को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर- 29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- **एल.आई.जी. फ्लैट, भू-तल-22/005,** के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर 03 जिला रायपुर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 202404114000015 /अ-27
वर्ष 2023-24
ग्राम धुसेरा प.ह.न. 14

**सूचना पत्र / नोटिस**

प्रति,
अनीश दीवान पिता नीलधर दीवान
निवासी- सोनकर मैरिज पैलेस के पीछे, अश्वनी नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

-00-

इस सूचना पत्र के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक अविनाश दीवान पिता नीलधर दीवान निवासी कृष्णा नगर बोरिया रोड लालपुर बोरिया खुर्द रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम धुसेरा प.ह.नं. 14 रा.नि.म. केन्द्री तहसील अभनपुर स्थित भूमि ख.नं. 295 / 8 रकबा 0.910 हे. राजस्व अभिलेख में आवेदक अविनाश दीवान पिता नीलधर दीवान एवं अनावेदक अनीश दीवान पिता नीलधर दीवान के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को अंशवार बराबर-बराबर खाता विभाजन किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। तत्संबंध मे इस न्यायालय मे रा.प्र.क्र. 202404114000015/अ-27/2023-24 वर्ष विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में आप अनावेदक/भूमिस्वामी है।

अतः सुनवाई दिनांक 18/06/2024 को आप स्वयं अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता अथवा अधिवक्ता के साथ न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 07/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार अभनपुर**







मा. नरेन्द्र मोदी
मा. अमित शाह
मा. विष्णु देव साय
मा. किरण देव सिंह
मा. विजय शर्मा
मा. अरुण साव
मा. ओ.पी. चौधरी
मा. खुशवंत गुरु
मा. लक्ष्मी वर्मा
मा. देवजी पटेल
मा. श्याम नारंग
मा. प्रमोद शर्मा
मा. शिवशंकर वर्मा
मा. लेमिच्छा गुरु डहरिया
मा. अरविंद ठाकुर
मा. फणेंद्र वर्मा
रायपुर लोकसभा क्षेत्र से ऐतिहासिक
मतों से जीत अर्जित कर नवनिर्वाचित सांसद
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी
को ढ़ेरों बधाई... शुभकामनाएं...
एवं
प्रदेश के राजस्व मंत्री
मान. टंकराम वर्मा जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मान. बृजमोहन अग्रवाल
कैबिनेट मंत्री छ.ग. एवं
सांसद रायपुर
मान. टंकराम वर्मा
राजस्व, खेल मंत्री छ.ग. शासन
12 जून
सुरेश वर्मा
भाजपा मंडल अध्यक्ष तिल्दा-नेवरा शहर
भागबली साहू
भाजपा मंडल अध्यक्ष तिल्दा-नेवरा ग्रामीण
मान. महेश अग्रवाल
पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष तिल्दा-नेवरा
घनश्याम अग्रवाल
रिंकू अग्रवाल
रवि सेन
विकास कोटवानी
दीपक शर्मा
अनिल शर्मा
पोषण वर्मा
चन्द्र कुमार पाटिल
यशवंत वर्मा
राजकुमार गेन्ड्रे
लक्ष्मीचंद नागवानी
अरविंद वर्मा
सुदेश जैन
सुरज नारायण शर्मा
कृपाराम पटेल
नवीण केसरवानी
जय केसरवानी
लूकराम बघेल
विजय ठाकुर
विनीत : एक शुभचिंतक तिल्दा-नेवरा क्षेत्र
संकलनकर्ता : रमेश अग्रवाल मो. 9329217200, दिलीप वर्मा मो. 9424211900, 8120003500 संवाददाता हरिभूमि तिल्दा नेवरा